दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 38
कोटद्वार रविवार
28 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## बैजरो के लिए जीएमओयू बस सेवा शुरू करने की मांग

**कोटद्वारः** बैजरो क्षेत्र के ग्रामीणों ने कोटद्वार से संगलाकोटी, पोखड़ा, बैजरो जीएमओयू बस सेवा शुरू करने की मांग की है। कहा कि जनता के हित को देखे हुए जीएमओयू को यह सोवा शुरू करनी चाहिए। आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए विनोद कुमार डिमरी ने कहा कि कोटद्वार से बैजरो के लिए एक भी जीएमओयू बस सेवा नहीं है। जिससे आमजन को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वेदीखाल कालेज व आईटीआई पोखड़ा व हिमालयन विश्व विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सबसे अधिक परेशानी होती है। टैक्सी संचालक ग्रामीणों से मनमाना किराया वसूलते हैं। कहा कि जनता के हित को देखते हुए जल्द ही इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

## देश के खिलाफ युवाओं को कट्टर बनाने वालों पर शिकंजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के सूत्रों ने दावा किया है कि शनिवार को मध्य प्रदेश में 13 जगहों पर मारे गए छापे के मद्देनजर आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) से कथित संबंध के आरोप में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सूत्रों ने कहा, उन्हें जबलपुर में हिरासत में लिया गया है। उनके आतंकी समूह आईएस से संबंध हैं। अधिकारी इस सिलसिले में उनसे पूछताछ कर रहे हैं। फिलहाल इस संबंध में एनआईए ने आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है।

सूत्रों ने कहा कि उन्होंने इस मामले में छापेमारी के दौरान कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं, जो आतंकी फंडिंग और देश के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने से संबंधित है। पिछले हफ्ते, एनआईए ने जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) कैडर से संबंधित परिसरों पर छापा मारा था।

## कर्नाटक में असंतोष की आग के बीच मंत्रिमंडल विस्तार, 24 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने आज मंत्रिमंडल विस्तार किया। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 24 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलवाई। इनमें नौ लोग पहली बार विधायक बने हैं, जबकि एक महिला विधायक भी शामिल हैं। इस प्रकार अब कर्नाटक कैबिनेट में अब 34 मंत्री हो गए है. इनमें 10 ने 20 मई को ही शपथ ले ली थी, जिनमें जी.परमेश्वर, के.एच. मुनियप्पा, के.जे. जॉर्ज, एम.बी. पाटिल, सतीश जारकीहोली, प्रियंका खडग़े, रामालिमगा रेड्डी और बी.जेड. जमीर अहमद खान शामिल हैं। कर्नाटक कांग्रेस के 24 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई. इन नेताओं में दिनेश गुंडुराव, शरणबसप्पा दर्शनापुर, एचके पाटिल, कृष्णा बायरे गौड़ा, एन चेलुवरायस्वामी, के वेंकटेश, शिवानंद पाटिल, तिम्मापुर रामप्पा बलप्पा, एसएस मल्लिकार्जुन, तंगदगी शिवराज संगप्पा, डॉक्टर एचसी महादेवप्पा, ईश्वर खंड्रे, क्याथासंद्रा एन राजन्ना, डॉक्टर शरणप्रकाश रुद्रप्पा पाटिल, संतोष एस लाड, एनएस बोस राजू, सुरेश बीएस, मधु बंगारप्पा, रहीम खान, डी सुधाकर और बी नागेंद्र शामिल है।

## नीति आयोग की बैठक खत्म

# 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है: पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के तेजी से विकास के लिए दिल्ली में नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की 8वीं बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। इस बैठक में 'विकसित भारत' पर चर्चा हुई। हालांकि ये बैठक भी राजनीति की भेंट चढ़ गई, जहां 11 राज्यों के सीएम ने आने से इनकार कर दिया। इस फैसले को भाजपा ने जनविरोधी और गैर जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि बैठक से किनारा करके सीएम अपने राज्यों की आवाज दबा रहे हैं।

नीति आयोग की बैठक के बाद सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई उनके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, स्वस्थ्य, एमएसएमई, महिला सशक्तिकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर और पीएम गतिशक्ति पर चर्चा की गई।

उन्होंने आगे बताया कि देश में डिजिटलाजेशन उच्च स्तर पर है। हमारे पास विश्व का तीसरा



सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। हम सड़क, बिजली, पानी जैसे आधारभूत जरूरतों को पूरा करने के बाद अब विकास की तरफ अग्रसर हैं। सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि बैठक में 11 राज्यों के मुख्यमंत्री नहीं आये। यह पहली बार नहीं था, इससे पहले भी ऐसा देखा गया है, लेकिन कई लोगों की लिखित वक्तव्य हमारे पास हैं। उन सब को संज्ञान में लेकर ही पॉलिसी बनती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए साझा विजन विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वे नागरिकों के सपनों को पूरा करने वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण फैसले लें। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की आठवीं बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि जब राज्य बढ़ते हैं तो भारत बढ़ता है।

नीति आयोग ने एक अन्य ट्वीट में कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण निर्णय लेने का आग्रह किया है ताकि वे वित्तीय रूप से मजबूत बन सकें और नागरिकों के सपनों को पूरा करने वाले कार्यक्रमों को पूरा करने में सक्षम हो सकें।" आयोग की गवर्निंग काउंसिल की आठवीं बैठक में स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला

### पीएम के विरोध में 11 राज्यों के सीएम ने किया किनारा

सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसका उद्देश्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

गौरतलब है, नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की 8वीं बैठक आज प्रगति मैदान में हुई। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक का मुख्य विषय विकसित भारत@2047 : टीम इंडिया की भूमिका था। बैठक से पहले आयोग ने एक बयान में कहा था कि यहां एमएसएमई, बुनियादी ढांचा और निवेश, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य एवं पोषण, कौशल विकास, और गति शक्ति सहित प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री या उपराज्यपालों को बैठक में आमंत्रित किया गया था। इस दौरान 11 राज्यों के सीएम ने बैठक से किनारा कर लिया।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब के भगवंत मान, पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी, बिहार के नीतीश कुमार, तेलंगाना सीएम के चंद्रशेखर राव, राजस्थान के अशोक गहलोत, केरल के पिनाराई विजयन और तमिलनाडु के एमके स्टालिन के साथ ही तीन अन्य सीएम इस बैठक में शामिल नहीं हुए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज नीति आयोग की बैठक में आठ मुख्यमंत्री नहीं आए। उन्होंने कहा कि नीति आयोग देश के विकास और योजनाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस बैठक के लिए 100 मुद्दे तय किए गए हैं, अब जो मुख्यमंत्री नहीं आए हैं वो अपने प्रदेश की जनता की आवाज यहां तक नहीं ला रहे हैं। मंत्री ने शामिल नहीं होने वाले उन सभी मुख्यमंत्रियों से पूछा कि आखिर वे मोदी विरोध में कहां तक जाएंगे?

## बृजभूषण के खिलाफ पहलवानों की याचिका



### दिल्ली पुलिस ने दाखिल की स्टेटस रिपोर्ट, 27 जून को होगी मामले की सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ (हाक) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों की याचिका पर दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। पुलिस ने पहलवानों का 164 के तहत बयान दर्ज किए हैं।

बृजभूषण सिंह ने लगातार बढ़ रहे फर्जी यौन उत्पीड़न के मुकदमों को देखते हुए इस कानून की समीक्षा को जरूरी बताया। गुरुवार को बहराइच में बृजभूषण सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के आरोप पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है, आरोप भी लगा है। लगता है इस कानून का दुरुपयोग हो रहा है।

भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी के लिए पहलवानों ने 23 मई की शाम को इंडिया गेट पर प्रदर्शन किया था। वो मोमबत्ती जलाकर (कैंडल मार्च) गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।पहलवानों के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन का 23 मई एक महीना पूरा हो गया है। उन्होंने 23 अप्रैल से बृज भूषण की गिरफ्तारी के लिए जंतर-मंतर पर पहुंचकर धरना देना शुरू कर दिया था। यौन शोषण का आरोप लगाते हुए बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सात महिला पहलवानों ने 21 अप्रैल को कनॉट प्लेस थाने में शिकायत की थी।दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दो मामले दर्ज किए थे। पहली प्राथमिकी एक नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़ी है जिसमें पॉक्सो कानून और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरी प्राथमिकी वयस्कों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित है।

## टिहरी जिले में दर्दनाक हादसा, गजा-खाड़ी मार्ग पर कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत

टिहरी , एजेंसी। उत्तराखंड के टिहरी जिले में शनिवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। गजा-खाड़ी मार्ग पर एक कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कार चार सौ से पांच सौ मीटर नीचे खाई में गिरी।

गजा तहसील के अंतर्गत गजा-खाड़ीमोटर मार्ग पर गजा से दो किमी खाड़ी की ओर कार सड़क से नीचे खाई में गिर गई। कार में एक महिला और एक पुरुष सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही चंबा से 108 एंबुलेंस और पुलिस फोर्स मौके के लिए रवाना हुई। लेकिन दोनों की मौके ही मौत हो गई।

शुक्रवार को भिलंगना ब्लाक के सेंदुल-किरेथ-पटुड मोटर मार्ग पर कोठियाडा के पास एक कार सड़क से नीचे गहरी खाई में गिर गई थी। कार में होल्टा निवासी चार महिला व एक पुरुष सवार थे। हादसे में पांचों की मौत हो गई थी।

## दो दिन बाद शुरू हुई हेमकुंड साहिब यात्रा, कड़ाके के ठंड के बीच 1400 तीर्थयात्री हुए रवाना

**चमली ।** बारिश और बर्फबारी के चलते पिछले दो दिन से प्रभावित हेमकुंड साहिब की यात्रा आज शनिवार दोबारा सुचारू हुई। घांघरिया से 14 सौ तीर्थयात्री हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुए, जबकि गोविंदघाट से 700 तीर्थयात्री घांघरिया के लिए रवाना हुए हैं।



हेमकुंड साहिब में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, लेकिन श्रद्धालुओं के उत्साह में कमी नहीं है। दूसरी तरफ हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पंजीकरण पर लगी रोक हटा दी गई है। शुक्रवार दोपहर को पर्यटन विभाग ने ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण खोल दिया है। खराब मौसम को देखते हुए सरकार ने 27 मई तक हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण पर रोक लगाई थी।

हेमकुंड साहिब की यात्रा 20 मई से शुरू हुई थी। अब तक 63 हजार से अधिक यात्री पंजीकरण कर चुके हैं, जबकि छह हजार से अधिक ने दर्शन किए हैं। शुक्रवार को मौसम सामान्य होने के बाद हेमकुंड साहिब के तीन किलोमीटर आस्था पथ पर जमी बर्फ को हटा लिया गया है। यहां दिनभर आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम जारी रहा जिस कारण यात्री नहीं भेजे गए। घांघरिया में 1600 और गोविंदघाट गुरुद्वारे में करीब 600 श्रद्धालु हेमकुंड साहिब जाने का इंतजार कर रहे थे। गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि अटलाकुड़ी ग्लेशियर के समीप तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ की टीम तैनात है।

## लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने गोवा के संगठन को किया भंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (अअढ) ने गोवा के प्रदेश अध्यक्ष के पद को छोड़कर गोवा में वर्तमान संगठन को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने लोकसाभा चुनाव से पहले गोवा में नए संगठनात्मक ढांचा बनाने का फैसला किया है। आम आदमी पार्टी जल्द ही गोवा के नए संगठन की घोषणा करेगी। बता दें कि आम आदमी पार्टी 2022 में गोवा के लिए राज्य पार्टी का दर्जा मिला था। गोवा के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन को देखते हुए चुनाव आयोग ने राज्य पार्टी का दर्जा दिया था। इसके बाद दिल्ली के सीएम और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गोवा के कार्यकर्ताओं को बधाई भी दी थी।आम आदमी पार्टी फिलहाल दिल्ली की आबकारी नीति के कथित घोटाले को लेकर भाजपा और अन्य राजनीतिक पार्टियों के निशाने पर है। इस बीच गोवा के संगठन को भंग करना एक नई राजनीतिक चाल हो सकती है।

## दस्तावेज न दिखाने वाले 90 अभ्यर्थी पटवारी-लेखपाल भर्ती से बाहर

**देहरादून ।** अपने दस्तावेज नहीं दिखाने वाले 90 अभ्यर्थियों को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने पटवारी-लेखपाल भर्ती से बाहर कर दिया है। इन सभी अभ्यर्थियों के रोल नंबरों की सूची आयोग ने अपनी वेबसाइट पर जारी की है। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि पटवारी-लेखपाल भर्ती परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन के लिए 24 अप्रैल से चार मई के बीच बुलाया गया था।

इनमें से 85 अभ्यर्थी ऐसे है, जो निर्धारित तिथियों पर अपने अभिलेख लेकर नहीं पहुंचे। इस वजह से उनके अभिलेखों का सत्यापन नहीं हो पाया। लिहाजा, आयोग ने इन सभी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया। परीक्षा में पास होकर भी नौकरी से वंचित हो गए हैं। इसी प्रकार पांच अभ्यर्थी ऐसे थे, जिन्होंने दिव्यांग कोटे में अपना दावा पेश किया था। इन सभी को अभिलेख सत्यापन में बुलाया गया तो विज्ञापन की शर्तों



### आयोग ने वेबसा-इट पर जारी की सूची

के हिसाब से दिव्यांगता का प्रमाणपत्र नहीं दिखा पाए।

इस वजह से इन पांचों को भी पटवारी-लेखपाल भर्ती से बाहर कर दिया गया है। आयोग सचिव के मुताबिक, जिन अभ्यर्थियों के नाम इसमें शामिल हैं, वह आयोग की वेबसाइट पर अपना रोल नंबर देख सकते हैं। इनमें से किसी को भी अब भर्ती में आगे शामिल होने का अवसर नहीं मिलेगा।

राज्य लोक सेवा आयोग ने पीसीएस-जे प्री परीक्षा में श्रेणीवार न्यूनतम अंकों की अर्हता की जो सूचना पूर्व में जारी की थी, उसमें ओबीसी संग ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी भी प्रकाशित हो गई थी। आयोग ने इसे अलग कर दिया है। अब परीक्षा पास करने के लिए सामान्य श्रेणी को 35 प्रतिशत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 35 प्रतिशत, ओबीसी को 30 प्रतिशत, एससी-एसटी को 25 प्रतिशत अंक लाने अनिवार्य होंगे।

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में अभिलेख सत्यापन का आखिरी मौका देते हुए एक सूची जारी की है।

संशोधित कटऑफ के साथ शॉर्टलिस्ट हुए अभ्यर्थियों को सात जून तक अभिलेखों का सत्यापन कराना होगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी के किसी भी प्रमाणपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। सूची, नोटिफिकेशन, नियम, निर्देश आयोग की वेबसाइट पर मुहैया करा दिए गए हैं। किसी को डाक या अन्य माध्यम से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी।

## तीर्थ यात्रियों की हरसंभव मदद कर रहे हैं यात्रा मार्ग एवं धाम में तैनात ग्लेशियर प्वाइंटों पर डीडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, वाईएमएफ एवं पुलिस के जवान

**रुद्रप्रयाग।** श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित, सुगम व सुव्यवस्थित यात्रा संचालित कराने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक कई सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसी के साथ आ रहे तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत केदारनाथ यात्रा मार्ग के संवेदनशील स्थानों व ग्लेशियर प्वाइंटों पर डीडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, वाईएमएफ एवं पुलिस के जवान निरंतर यात्रा मार्ग एवं धाम में तैनात रहते हुए विषम कठिन परिस्थितियों में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए तीर्थ यात्रियों की हरसंभव मदद कर रहे हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने



अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम में तैनात डीडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, वाईएमएफ एवं पुलिस के जवानों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता के साथ किया जा रहा है तथा यात्रा मार्ग एवं धाम में गंभीर रूप से बीमार एवं घायल हुए तीर्थ यात्रियों को नजदीकी चिकित्सालय में उपचार हेतु पहुंचाया गया जहां गंभीर स्थिति में डॉक्टरों द्वारा हायर सेंटर रैफर किए जाने पर टीमों द्वारा केदारनाथ में 31 तीर्थ यात्रियों का रेस्क्यू करते हुए हैलीपैड तक पहुंचाए गए तथा लिनचोली एवं रामबाड़ा आदि क्षेत्रों से 16 तीर्थ यात्रियों का रेस्क्यू करते हुए हायर सेंटर भेजे जाने हेतु गौरीकुंड तक पहुंचाया गया। इसके साथ ही लिनचोली से 4 तीर्थ यात्रियों को हैलीपैड़ पर पहुंचाया गया जिन्हें हायर सेंटर भेजा गया तथा सीतापुर-त्रियुगीनारायण हैलीपैड से 3 तीर्थ यात्रियों को पहुंचाया गया जिन्हें हायर सेंटर रैफर किया गया। उन्होंने अवगत कराया है कि उक्त टीमों द्वारा अब तक 54 तीर्थ यात्रियों का रेस्क्यू करते हुए उनकी जान को बचाया गया है '

उन्होंने यह भी अवगत कराया कि यात्रा मार्ग में तैनात उक्त टीमों के जवानों द्वारा विषम कठिन परिस्थितियों के बाद भी तीर्थ यात्रियों की जान बचाने में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि भैरों ग्लेशियर व कुबेर ग्लेशियर पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए जवान निरंतर तैनात हैं जो यात्रियों को ग्लेशियर से आवाजाही करने में उनकी मदद कर रहे हैं ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घटित हो सके।

## केदारनाथ धाम के ऊपर सुमेरु पर्वत पर फसे श्रद्धालु को एसडीआरएफ ने निकाला

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ मंदिर से लगभग 4 किलोमीटर ऊपर भैरव मंदिर की ओर सुमेरु पर्वत के पास 6 फीट बर्फ में फंसे वृंदावन उत्तर प्रदेश निवासी सचिन गुप्ता उम्र लगभग 38 वर्ष को टीम द्वारा सकुशल निकालकर विवेकानंद हॉस्पिटल मैं एडमिट किया।जो की जिला प्रशासन को बिना बताए श्रद्धालु वंहा पंहुच गया उक्त व्यक्ति ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस को जानकारी न देकर सीधे देहरादून पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी जबकि जिला प्रशासन बार बार इस हिमालई क्षेत्र में न जाने की हिदायत दे रही है अगर जाते भी हैं तो जिला प्रशासन को बता कर जाएं फिर भी श्रद्धालु जा रहे हैं।जिससे जिला प्रशासन को भारी दिकतों का समाना करना पड़ता है।



## महिला से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

पौड़ीः थाना थलीसैंण क्षेत्र में महिला के साथ दुराचार और मारपीट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में महिला के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिस पर थाना थलीसैंण में 24 मई को मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी थलीसैंण सतेंद्र भंडारी ने बताया कि महिला अल्मोड़ा की रहने वाली है। बीती 22 मई को वह अपने मायके आ रही थी। रास्ते में आरोपी ने उससे जोर जबरदस्ती करते हुए दुराचार किया। इस मामले में एसएसपी के निर्देशों पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी माधव सिंह पुत्र पान सिंह निवासी भेड़गांव मल्ला, उफरियाखाल को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एसआई संजीव मंमगाई,एएस-।आई निजाम अली, विनोद नेगी, अनिल शामिल रहे।

# सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता के लिये एक क्रान्ति है: मुख्य सूचना आयुक्त




हरिद्वार। श्री अनिल चन्द्र पुनेठा, मा0 मुख्य सूचना आयुक्त, उत्तराखण्ड ने शनिवार को एन०आई०एच० रूड़की में राजकीय कार्यालयो के लोक सूचना अधिकारियो एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा बैठक की।

मुख्य सूचना आयुक्त ने समीक्षा बैठक में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के उद्देश्य–पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता के लिये एक क्रान्ति है। पहले राजकीय विभागों आदि से आप कोई भी सूचना प्राप्त नहीं कर सकते थे, लेकिन आज सूचना अधिकार अधिनियम के तहत नागरिकों द्वारा मांगी गयी/चाही गयी सूचना को उपलब्ध कराना होगा तथा एक नागरिक के तौर पर लोक प्राधिकरण से प्रत्येक नागरिक को सूचना प्राप्त करने का अधिकार है। श्री अनिल चन्द्र पुनेठा मुख्य सूचना आयुक्त ने स्पष्ट करते हुये बताया कि लोक प्राधिकरण के अन्तर्गत सभी केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभाग, संविधान द्वारा निर्मित सभी संस्थायें, केन्द्र/राज्य सरकारों के अधिसूचना से निर्मित संस्थायें तथा संसद/विधान परिषदों की अधिसूचना से सृजित सभी संस्थायें आती हैं। इसके अन्तर्गत केन्द्र राज्य सरकारों द्वारा पर्याप्त रूप से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्राप्त गैर सरकारी संगठन भी आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक लोक प्राधिकरणों से रिकार्ड, अभिलेख, ई–मेल, लॉगबुक, संविदायें, कागजात प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा प्रत्येक नागरिक इस अधिनियम के तहत कार्यों, अभिलेखों और रिकार्डों का निरीक्षण भी कर सकता है।मुख्य सूचना आयुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान एक–एक करके–संयुक्त मजिस्ट्रेट कार्यालय रूड़की, स्वास्थ्य विभाग, जल संस्थान, सिंचाई, पेयजल, शिक्षा, नलकूप, अधिशासी अधिकारी कार्यालय ईमलीखेड़ा, झबरेड़ा, नगर निगम रूड़की, ब्लाक खानपुर, भगवानपुर, एआरटीओ रूड़की, सीओ रूड़की, मंगलौर, चकबन्दी, विद्युत, राज्य कर, मण्डी आदि विभागों के लोक सूचना अधिकारियों/प्रथम अपीलीय अधिकारियों से सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उनके वहां प्राप्त आवेदनों एवं अपीलों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली तथा अधिकारियों द्वारा आवेदनों/अपीलों के निस्तारण के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी पर सन्तोष व्यक्त किया।

समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कई ऐसे प्रकरण मा0 मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना अधिकार अधिनियम की मास्टर ट्रेनर के समक्ष रखे, जिनमें उनके विभागों को निर्णय लेने में शंकाओं का सामना करना पड़ रहा था। इस पर मा0 मुख्य सूचना आयुक्त एवं मास्टर ट्रेनर ने मौके पर ही सूचना के अधिकार अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दी गयी व्यवस्था के अनुसार उनकी शंकाओं का समाधान किया।

समीक्षा बैठक में मा0 मुख्य सूचना आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सूचना अधिकार के तहत जो भी आवेदन आपके पास आते हैं, उनमें आवेदक से मोबाइल नम्बर, ह्वाट्स अप नम्बर तथा ई–मेल का उल्लेख करने का अनुरोध जरूर करें ताकि सूचना चाहने वाले को निर्बाध रूप से सूचना मिल सके। उन्होंने कहा कि आवेदक द्वारा जो भी सूचना चाही गयी है, सकारात्मक सोच रखते हुये, पूरी कोशिश करें कि उसे वह सूचना जल्दी से जल्दी मिल जाये। इसके लिये निर्धारित समय सीमा 30 दिन का इंतजार न करें।

संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की श्री अभिनव शाह ने समीक्षा बैठक में कहा कि मा0 सूचना आयुक्त ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कई प्रकरणों में निर्णय लेने में जो शंका हो रही थी, उसका निदान अत्यन्त ही सरल तरीके से कर दिया तथा इसके अतिरिक्त उनसे सूचना का अधिकार अधिनियम के सम्बन्ध में कई नई–नई जानकारियां भी प्राप्त हुईं।

समीक्षा बैठक में सूचना अधिकार अधिनियम की मास्टर ट्रेनर जिला इम्प्लाईमेंट अधिकारी सुश्री अनुभा जैन ने सूचना अधिकार अनिनियम में दी गयी विभिन्न धाराओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सभी विभागों के लोक सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### रैली निकाल किया पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक

विकासनगर। वन विभाग की ओर से लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट कार्यक्रम के तहत शनिवार को मागटी में रैली निकाल कर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। वन कर्मियों ने बताया कि जंगलों की सुरक्षा से ही पर्यावरण संतुलित रहेगा। शनिवार सुबह वन कर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर रैली निकाली। वन बीट अधिकारी दलवीर सिंह ने कहा कि वनों को बचाना हम सब का दायित्व है। वनों से ही जीवन है, इसके साथ ही वन से हमें कई ऐसी वस्तुएं प्राप्त होती हैं जिनका जीवन मे विशेष महत्व है। कहा कि वनों के सरंक्षण से ही पर्यावरण बचेगा। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में वनों का अवैध रूप से दोहन हो रहा है, जिसे रोकने में ग्रामीणों को भी वन विभाग का सहयोग करना चाहिए। रैली के समापन पर सभी लोगों को वनों की रक्षा की शपथ दिलाई गई। रैली में वन बीट अधिकारी हरक बहादुर थापा, टीकम खन्ना, गंभीर चौहान, राजेंद्र सिंह, तारा चंद, कुंदन सिंह, श्याम लाल आदि शामिल रहे।

### मलबा आने से घंटों बंद रहा पुरोड़ी–रावना–डामटा मार्ग

विकासनगर। भारी बारिश और भूस्खलन से मैपावटा के पास पुरोड़ी रावना डामटा मोटर मार्ग बाधित हो गया। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम चार बजे तक मार्ग नहीं खुल पाया था। मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लाइन लगी हुई थी। पुरोड़ी रावना डामटा मोटर मार्ग पर शुक्रवार देर रात को मलबा आने से मार्ग शनिवार सुबह से लेकर देर शाम चार बजे तक पूरी तरह से बंद रहा। मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नहीं होने के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। गांवों से शहर की ओर जाने वाले कई लोग मार्ग बंद रहने के कारण वापस अपने गांवों को लौट गए जबकि बड़ी संख्या में लोग मार्ग खुलने का इंतजार करते रहे। मार्ग से करीब एक दर्जन गांव मैपावटा, रावना, बुरासवा, पाटी, संतोड़ी, सिरवा, जोगियो, थणता, मयरावना, भंगाती, सेंथली आदि गांवों की हजारों की आबादी को यातायात से जोड़ता है। लेकिन मार्ग बंद रहने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### नुक्कड़ नाटक द्वारा जागरूकता अभियान चलाया

विकासनगर। एसबी कॉलेज ऑफ एजुकेशन विकासनगर ने कुंजाग्रांट में एक नुक्कड़ नाटक कर जन जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें ग्राम वासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, तथा साफ सफाई आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दीप्ति सजवाण, उप–प्राचार्या डॉ. सुधा वर्मा, प्रियंका कौशिक, जागृति परमार, डॉ. अमिता शर्मा, जैमिनी सिंह, पूनम चहर, रश्मि, हिमाद्री, जसलीन, कोमल, वर्णिका आदि मौजूद रहे।



## हरीश और कोश्यारी ने एक दूसरे को पहनाई माला

हरिद्वार। संतों के कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और पूर्व सीएम हरीश रावत का आमना–सामना हुआ। हरीश रावत एक एक कर संतों का सम्मान करते हुए सभी को माला पहना रहे थे। तभी उनके सामने कोश्यारी आ गए। दोनों मुस्कराकर मिले दोनों के हाथ में फूलों की माला थी। एक दूसरे को दोनों ने माला पहनाई। हालांकि भगत सिंह कोश्यारी माला पहनाते समय हरीश रावत का हाथ पकड़ रहे थे। लेकिन हरीश रावत ने पहले माला पहना दी। बाद में कोश्यारी ने भी हरीश रावत को माला पहनाई। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



## धूमधाम से मनाया गया आर्य समाज मंदिर डोईवाला का वार्षिकोत्सव

ऋषिकेश। आर्य समाज मंदिर डोईवाला में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव पर नगर क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर में आर्य ध्वज फहराते हुए वैदिक संस्कृति से जीवन जीने का संकल्प लिया। शनिवार को आर्य समाज मंदिर डोईवाला में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ उपासना के साथ की गई। आर्य उप प्रतिनिधि सभा प्रधान शत्रुघन मौर्य, स्वामी योगेश्वरानन्द, आचार्य वेदवसु आर्य और युवा भाजपा नेता विक्रम नेगी ने संयुक्त रूप से आर्य ध्वज फहराया। उन्होंने वैदिक संस्कृति से जीवन में होने वाले परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। शत्रुघ्न मौर्य ने कहा कि आर्य संस्कृति से जुड़कर वेदों का ज्ञान प्राप्त करने वाले लोग समाज में अपनी असाधारण पहचान स्थापित करते हैं। आर्य समाज मंदिर में उपस्थित विभिन्न गुरुकुल और विद्यालयों के छात्रों की उपस्थिति में नगर क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई।

## सिडकुल में कर्मचारी के घर में दिनदहाड़े चोरी

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र के इंद्रलोक आवासीय कॉलोनी में चोरों ने दिनदहाड़े एक फैक्ट्री कर्मचारी के मकान में घुसकर हजारों रुपये के गहने और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। दोपहर के समय जब स्कूल की छुट्टी हुई और बच्चा घर वापस पहुंचा तब चोरी का पता लगा। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना बीती 22 मई की सुबह की बताई जा रही है। दलवीर सिंह रावत पुत्र श्री गोविंद सिंह रावत निवासी इन्द्रलोक कॉलोनी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह सिडकुल की एक कंपनी में पिछले 10 वर्षों से कार्यरत हैं।

## हरियाणा से पिथौरागढ़ ले जाई जा रही 212 बोतल शराब के साथ दो गिरफ्तार

चम्पावत। चम्पावत पुलिस ने हरियाणा नंबर की फर्जी प्लेट लगी कार से अंग्रेजी शराब की 212 बोतल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। चंडीगढ़ में बनी ये शराब हरियाणा से पिथौरागढ़ ले जाई जा रही थी। पकड़े गए दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शनिवार को टनकपुर–चम्पावत नेश्नल हाईवे में चल्थी चौकी बैरियर के पास पुलिस व एसओजी टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टनकपुर की ओर से आ रही कार संख्या एचआर 31पी 0904 को पुलिस ने रोका। तलाशी लेने पर कार से अंग्रेजी शराब की 212 बोतल बरामद हुई। पुलिस ने चालक प्रदीप कुमार पुत्र बलजीत कुमार, निवासी जिला जीन्द, हरियाणा व साहब सिंह पुत्र कृष्ण कुमार निवासी हनुमान कलौनी, थाना रोहतक, हरियाणा को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में कार पर लगी नंबर प्लेट भी फर्जी पाई गई। जांच में कार का सही नंबर एसआर–31पी 0304 पाया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह कार में



फर्जी नंबर प्लेट प्रयोग कर हरियाणा से शराब लाकर पिथौरागढ़ में तस्करी करते हैं। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में चम्पावत कोतवाल योगेश उपाध्याय, प्रभारी एसओजी सुरेन्द्र सिंह खड़ायत, प्रभारी चल्थी चौकी सुरेंद्र कोरंगा, हेड कांस्टेबल मतलूब खान, मनोज बैरी, कांस्टेबल नवल किशोर, उमेश राज, महेश मेहता, गिरिश भट्ट, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह बिष्ट, चंचल सिंह, कांस्टेबल रविन्द्र गिरी तथा भुवन लाल शामिल रहे।

## पं० नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिद्वार। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर महानगर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। मायापुर स्थित यूनियन भवन में आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताए रास्ते पर चलकर देश को आगे ले जाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मायापुर स्थित यूनियन भवन में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने की।

महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी और महानगर कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर देश को आगे ले जाने का काम करें। कहा कि वर्तमान समय में देश में धर्म और मजहब के नाम पर भाईचारा खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेसजन इस भाईचारे को खत्म न होने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश कांग्रेस सदस्य मुरली मनोहर और पूर्व अध्यक्ष ओपी चौहान ने कहा कि पंडित



नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके द्वारा देश के निर्माण के लिए स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन से लेकर देश की आजादी के बाद देश को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका को जन–जन तक पहुंचाने का काम करें। पार्षद राजीव भार्गव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के बाद सरकारी संस्थानों का निर्माण कर देश के विकास की नींव रखी। श्रद्धांजलि सभा में मुकुल जोशी, जिला महासचिव यूथ कांग्रेस शुभम जोशी, भूपेंद्र पटुवर, ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा, जतिन हांडा, रकित वालिया, राजेंद्र भारद्वाज, ओम मलिक, अशोक गुप्ता, नरेंद्र उपाध्याय, लक्ष्मण हांडा, संजय वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# आकस्मिक एवं ओपीडी सहित 2279 श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराया

रुद्रप्रयाग। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मातीलिया ने अवगत कराया है कि श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं में यदि किसी का स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार किया जा रहा है जिसके लिए यात्रा मार्ग से श्री केदारनाथ धाम तक चिकित्सकों की तैनाती की गई है। चिकित्सकों द्वारा ओपीडी के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि ( शनिवार को) आकस्मिक एवं ओपीडी सहित 2279( केवल ओ०पी०डी० 1961 ) श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराया गया, जिसमें (ओ०पी०डी० में 1509 पुरुष तथा 452 महिलाएं ) शामिल हैं तथा अब तक ओपीडी एवं आकस्मिक सुविधाओं



सहित 55604 तथा केवल ओपीडी के माध्यम 48434 से श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया है जिसमें 39920 पुरुष तथा 8514 महिलाएं शामिल हैं। आज 64 यात्रियों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 1500 यात्रियों को ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

## निर्माण कार्य नहीं कराने पर पार्षद करेंगे आंदोलन

ऋषिकेश। ऋषिकेश नगर के विभिन्न वार्डों में सड़कों और नालियों की स्थिति जर्जर है। ऐसे में भाजपा के पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन से स्वीकृत अवस्थापना निधि के 2.5 करोड़ रुपये से निर्माण कार्यों को शुरू कराने की मांग उठाई। सात दिनों के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी। शनिवार को नगर निगम के भाजपाई पार्षदों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पार्षद शिवकुमार गौतम ने कहा कि चार माह पूर्व शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा अवस्थापना निधि 2.5 करोड़ रुपये नगर के विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्यों के लिए दिए थे।

## आरटीई के नियमों का पालन नहीं करने पर होगी सख्त कार्रवाई

विकासनगर। राज्य बाल आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना ने पछुवादून के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन को आरटीई नियमों का पालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। आयोग ने निर्देश दिया कि सभी शिक्षण संस्थान शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के अंतर्गत दिए गए नियम कानूनों का पालन करें। कहा कि कई शिक्षण संस्थानों की लगातार शिकायतें आ रही हैं। हरबर्टपुर स्थित सैपियंस स्कूल में आयोजित सहोदय स्कूलों की बैठक में आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि पिछले काफी समय से शिक्षण संस्थानों में छात्र–छात्राओं के कई तरह से शोषण की शिकायतें आयोग को मिली हैं। जिस पर आयोग की ओर से कुछ शिक्षण संस्थानों का औचक निरीक्षण भी किया गया। जिसमें अनियमितताएं पाए जाने अथवा कमी पाए जाने पर शिक्षण संस्थानों को हिदायतें दी गई हैं। कहा कि जितने भी स्कूल पछुवादून में संचालित हो रहे हैं उनके संचालकों की पारिवारिक पृष्ठभूमि आयोग को मिलनी चाहिए। जिससे यह पता चल सके कि कहीं कोई आपराधिक पृष्ठभूमि का व्यक्ति शिक्षण संस्थानों का संचालन तो नहीं कर रहा है। यह भी पता चल सके कि स्कूलों के संचालन के पीछे वजह क्या है। जिससे इस क्षेत्र में गलत तरीके के लोग आगे न आ सकें। आयोग की अध्यक्ष खन्ना ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को बच्चों के हितों की रक्षा को सर्वोपरी रखना चाहिए। किसी भी तरह से बच्चों के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

## वीर शहीद केसरी चंद महाविद्यालय डाकपत्थर में हुआ वार्षिक समारोह का आयोजन

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में शनिवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न संकायों की कई प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर विज्ञान संकाय ने चैंपियनशिप अपने नाम की। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शांति जुवांठा, ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह और वरिष्ठ साहित्यकार हेमचंद्र सकलानी ने किया। इसके बाद संस्कृत विभाग की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत लोकगीत, भाषण, नाटक और लोकनृत्य से हुई। लोकगीत प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय प्रथम, वाणिज्य संकाय द्वितीय, कला संकाय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में विज्ञान संकाय ने प्रथम, वाणिज्य संकाय द्वितीय, कला संकाय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नाटक प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय प्रथम, कला संकाय द्वितीय, वाणिज्य संकाय ने तीसरे स्थान पर रहा। नृत्य प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय प्रथम, वाणिज्य संकाय द्वित्तीय, कला ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## पछुवादून में कांग्रेसी भूले नेहरू की पुण्यतिथि

विकासनगर। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर पछुवादून में कांग्रेसी उन्हें नमन करना भी भूल गए। इस दौरान पूरे दिन भर कांग्रेस कार्यालय ऐतिहासिक तिलक भवन पर ताला लटका रहा। हालांकि कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह तिलक भवन पहुंचे, लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब ताला नहीं खुला तो वो भी वापस लौट गए। पछुवादून, जौनसार बावर में कहीं भी पंडित नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि नहीं दी। अलबत्ता कुछ सामाजिक संगठनों ने प्रथम प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन जरूर अर्पित किए। पछुवादून विकास मंच कार्यकर्ताओं ने हरबर्टपुर स्थित मंच कार्यालय में पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## बाबूगढ़ में हुई हरबर्टपुर, विकासनगर शहर मंडल एवं विकासनगर ग्रामीण मंडल की कार्यसमिति बैठक

विकासनगर। आगामी निकाय और लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा की विकासनगर विधानसभा कार्यसमिति की बैठक में केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम का जन–जन तक पहुंचाने को लेकर पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के विकास कार्यों को कार्यकर्ता जन–जन तक पहुंचाएं। कहा कि आगामी निकाय व लोकसभा चुनावों को फतह करने के लिए कार्यकर्ता रात दिन एकजुट होकर कार्य करें। भाजपा जिला देहरादून ग्रामीण के अंतर्गत विधानसभा विकासनगर के तीनों मंडल हरबर्टपुर, विकासनगर शहर मंडल एवं विकासनगर ग्रामीण मंडल की कार्यसमिति बैठक का आयोजन रॉयल गार्डन बाबूगढ़ में किया गया। विधानसभा कार्यसमिति कि अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष मीता सिंह ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश प्रवक्ता विनय गोयल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी महा संपर्क अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को अभियान में सहभागिता करते हुए सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व में संपन्न हुए बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा जिला महामंत्री विनोद कश्यप ने की। मन की बात कार्यक्रम के एक सौवें एपिसोड की समीक्षा कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र चौहान ने की। कार्यक्रम में विकासनगर के पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने सरकार की उपलब्धियों कि विस्तृत चर्चा करते हुए उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष नीरू देवी ने संगठन की अगामी योजनाओं से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित डबराल, जिला उपाध्यक्ष योगेश त्यागी, आशा सक्सेना, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष रावत, तीनों मंडलों के अध्यक्ष विपुल मूसला, खजान सिंह, राकेश अमोली, राहुल शर्मा, सुभाष सकलानी, मोहित ठाकुर, अंकित कसल, हरीश अरोड़ा, हरीश कंडवाल, अर्जुन मित्तल, मोर्चों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री, मंडालों के महामंत्री, शक्ति केंद्र सयोंजक एवं बूथों के अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रवेश में स्थानीय छात्रों को मिले वरियता

पौड़ीः गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी के पूर्व छात्रसंघ सचिव गोपाल नेगी ने सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के बावजूद स्नातक व परास्नात्क स्तर पर खाली रहने वाली सीटों पर प्रवेश में स्थानीय छात्रों को वरियता दिए जाने की मांग की है। नेगी ने कहा उत्तराखंड का पर्वतीय क्षेत्र विषम भौगोलिक परिस्थितियों का क्षेत्र है, यहां सीयूईटी को लेकर जागरूकता का अभाव है। जिसके चलते छात्र–छात्राएं प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते वे प्रवेश से वंचित रह जाते हैं।शनिवार को बीजीआर परिसर के पूर्व छात्रसंघ सचिव गोपाल नेगी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री व एनटीए को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में विषम भौगोलिक परिस्थितियां व जागरुकता के अभाव में सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में छात्र–छात्राएं प्रतिभाग नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते केंद्रीय विवि में स्नात्तक व परास्नात्तक स्तर पर बड़े स्तर पर सीटें खाली रह जाती हैं। कहा खाली सीटों में प्रवेश के लिए स्थानीय छात्रों को वरियता दी जाए। पूर्व छात्रसंघ सचिव गोपाल ने एनटीए से पहाड़ की परिस्थितियों के अनुरुप छात्रों को परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाने की मांग की है

# सड़क किनारे मौत बनकर खड़े हैं ट्रांसफार्मर, सिस्टम ने फेरा मुंह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य मुख्यमार्गों पर खड़े ट्रांसफार्मर व विद्युत पोल हादसों को न्यौता दे रहे हैं। शिकायत के बाद भी ऊर्जा निगम विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने की सुध नहीं ले रहा। जर्जर हालत में खड़े कई विद्युत पोल व ट्रांसफर्मार कब लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में सबसे अधिक खतरा बरसात के दौरान बना रहता है।

### रात के अंधेरे में होती है समस्या

राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों के किनारे लगए ट्रांसफार्मर रात के अंधेरे में दिखाई नहीं देते। ऐसे में हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पदमपुर निवासी हरेंद्र सिंह, अर्चना देवी ने बताया कि ट्रांसफार्मर को हटवाने के लिए कई बार ऊर्जा निगम को शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, आज तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा।

◆एनएच व अन्य मार्गों पर नियमों के विरुद्ध लगाए गए हैं विद्युत ट्रांसफार्मर
◆शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने की सुध नहीं कर रहा ऊर्जा निगम

पदमपुर चौराहे से सिम्मलचौड़ को जाने वाले मार्ग पर एक दर्जन से अधिक विद्युत पोल व ट्रांसफर्मार खड़े हैं। इनमे से अधिकांश विद्युत पोल नीचे से खोखले भी हो चुके हैं। ऐसे में यह कब धराशाई हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। वहीं, राजकीय बेस चिकित्सालय से करीब आधे किलोमीटर आगे बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एसबीआइ बैंक के पास भी ऊर्जा निगम ने नियम विरूद्ध ट्रांसफार्मर लगाया हुआ है।

नियमानुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग से 20 फीट की दूरी पर इसे लगाया जाना था। लेकिन, ऊर्जा निगम ने लापरवाही दिखाते हुए इसे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ही खड़ा कर दिया था। यही नहीं इसके ठीक सामने एक पेट्रोल पंप भी है। सरकारी सिस्टम की यह लापरवाही कुंभीचौड़ से सनेह को जाने वाले तिराहे पर भी देखने को मिल रही है। जहां तिराहे के बीच में ही ऊर्जा निगम का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। ट्रांसफर्मर के आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध भी नहीं किए गए हैं।



कोटद्वार में पदमपुर क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ा ट्रांसफार्मर

गाड़ीघाट तिराहे के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रांसफर्मार की यही स्थिति बनी हुई है।

उक्त ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से पूर्व में कई गोवंशों की मौत भी हो चुकी है। बावजूद सरकारी सिस्टम लापरवाह बना हुआ है।

## घुड़दौड़ी कॉलेज निदेशक और विभागाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ीः** जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुड़दौड़ी की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की आत्महत्या मामले में पुलिस ने संस्थान के निदेशक और विभागाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में महिला के पति ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें दोनों अफसरों पर महिला के उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज में महिला का कमरा भी सील किया है।

पौड़ी की एसएसपी ने इस मामले की जांच के लिए सीओ की अगुवाई में चार सदस्यीय टीम गठित की है।

इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी की असिस्टेंट प्रोफेसर मनीषा ने बीती 25 मई को श्रीनगर के नैथाना झूला पुल से नदी में छलांग लगा दी थी और उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई थी।पौड़ी की एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर मनीषा के पति संदीप भट्ट ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में संस्थान के निदेशक डॉ वाई सिंह और विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग डॉ एके गौतम पर मानसिक उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया गया है।

पति संदीप भट्ट ने कहा कि उक्त दोंनों ही अफसरों के द्वारा उनकी पत्नी का मानसिक उत्पीड़न किया गया, जिसके कारण उसने आत्महत्या की। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में तहरीर के आधार पर घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज के दोनों अफसरों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच के लिए सीओ की अध्यक्षता में एक टीम भी बना दी गई है। जिसमें कोतवाली निरीक्षक पौड़ी सहित एसएसआई और एक महिला एसआई शामिल है।

उधर, कॉलेज के निदेशक डॉ वाई सिंह ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

## ब्लॉक प्रमुख ने किया वाटर कूलर व शौचालयों का लोकार्पण



योजनाओं का लोकार्पण करते ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विकास खण्ड द्वारीखाल के भैरवगढी मंदिर में ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने वाटर कूलर व काली मंदिर में शौचालयों का लोकार्पण किया।

विकास खण्ड द्वारीखाल के ऐतिहासिक 52 गढ़ो में से एक गढ़ लंगूर गढ़ भैरवगढ़ी में दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने वाटर कूलर व शौचालयों का लोकार्पण किया। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख का ढोल-दमाऊ के साथ भव्य स्वागत किया।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। कहा कि भैरवगढ़ी मंदिर हमारी आस्था का प्रतीक है। इसके बेहतर विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर मन्दिर समिति के अध्यक्ष सतेसिंह रावत, जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण, क्षेत्र पंचायत सदस्य ममता रावत, राजमोहन नेगी, प्रधान बकरौड़ी, कल्याण सिंह, राजखिल प्रदीप चन्द्र डोबरियाल, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन सिंह नेगी, भैरवगढ़ी पंचशील के अध्यक्ष परमबीर रावत, प्रधान सिमल्या श्याम सिंह, लंगूरी कमलेश्वरी देवी, जमेली नीलम देवी, चन्द्रमोहन चौधरी, प्रभाकर डोबरियाल, उषा देवी, अनिल खजरी, बबीता देवी, खण्ड विकास अधिकारी हरेन्द्र कोहली, विकास खण्ड के समस्त अधिकारी कर्मचारी मनोनित जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह, संजीव जुयाल, राकेश बिष्ट, छत्रपाल सिंह, धरमेन्द्र बिष्ट, गणेश राणा आदि मौजूद रहे।

## वार्ड प्रभारियों की सूची की जारी

**कोटद्वारः** आगामी नगर निगम चुनावों को देखते हुए यूकेडी ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस क्रम में दल के महानगर अध्यक्ष जग दीपक सिंह रावत ने वार्ड प्रभारियों की पहली सूची जारी कर दी है।सूची के अनुसार रमेश चंद्र कोठारी को पदमपुर मोटाढाक वार्ड नंबर 31, सुखदेव शास्त्री को पदमपुर सुखरो वार्ड नंबर 20, गुलाब सिंह रावत को शिवपुर वार्ड नंबर 18, हयात सिंह गुसाईं को मानपुर वार्ड नंबर 17, अमित नेगी को शिब्बू नगर वार्ड नंबर 23, सत्य प्रकाश भारद्वाज को बालासौड़ वार्ड नंबर 24, पुष्कर सिंह रावत को नींबूचौड़ वार्ड नंबर 28, विनोद चौधरी को शिवराजपुर वार्ड नंबर 32, सत्येन्द्र नेगी को हल्दूखाता मल्ला वार्ड नंबर 33, राम सिंह चौहान को उदयरामपुर वार्ड नंबर 34, प्रदीप रावत को त्रिलोक पुर वार्ड नं 35 और हरीश बहुखंडी को जशोधरपुर वार्ड नं 40 का प्रभारी बनाया गया है। महानगर अध्यक्ष जग दीपक सिंह रावत ने कहा कि शेष वार्ड प्रभारियों की सूची शीघ्र जारी की जाएगी।

## ...और अब गूगल मैप में भी नजर आएगा प्रथम सीडीएस का पैतृक गांव

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** डा.हरिवंशराय बच्चन प्रबोधन प्रतिष्ठान की ओर से जनरल बिपिन रावत के पैतृक गांव को विश्व पटल पर लाने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत अब द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत का पैतृक गांव सैंण गूगल मैप पर भी नजर आने लगा है। वहीं, गांव तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य मुख्यमार्गों पर किलोमीटर के बोर्ड भी लगाए गए हैं।

### द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सैंण पहुंचने के लिए लगाए गए है किलोमीटर बोर्ड

डा.हरिवंशराय बच्चन प्रबोधन प्रतिष्ठान की ओर से प्रथम सीडीएस के गांव को गोद लिया गया है। कुछ दिन पूर्व प्रतिष्ठान ने गांव में पशुपतिनाथ मंदिर व सीडीएस जनरल बिपिन रावत की भव्य प्रतिमा स्थान करने के लिए भूमि पूजन भी करवाया था। प्रतिष्ठान के संस्थापक निवृत्ती तुकाराम यादव ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य गांव को मुख्य धरोहर में शामिल करना है। देश–विदेश से आने वाले कई लोग जनरल बिपिन रावत के पैतृक गांव को देखना चाहते हैं। लेकिन, सड़क किनारे सांकेतिक बोर्ड व गूगल मैप पर गांव नहीं दिखने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बताया कि वर्तमान में गांव को गूगल मैप में शामिल करने के साथ ही कौड़िया क्षेत्र से गांव तक किलोमीटर के बार्ड लगवाए गए हैं। यही नहीं लैंसडौन व गुमखाल की सड़कों पर भी यह बोर्ड लगवाए जा रहे हैं। कहा कि पशुपतिनाथ मंदिर व सीडीएस बिपिन रावत की प्रतिमा बनने के बाद गांव में पर्यटकों की काफी भीड़ रहेगी।




सीडीएस बिपिन रावत के गांव जाने के लिए सड़क किनारे लगा दूरीदर्शक बोर्ड

## धूमधाम से मनाया गया छात्र संघ वार्षिकोत्सव

**सतपुलीः** राजकीय महाविद्यालय सतपुली में छात्र संघ वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस एआईसीसी सदस्य व राजपाल बिष्ट ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को जीवन में अवश्य सफलता मिलती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, पंजाबी सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर प्राचार्य डा.संजय कुमार, छात्रसंघ प्रभारी डा.अवधेश उपाध्याय, डा.राकेश इष्टवाल, छात्र संघ अध्यक्ष दिव्या बुडाकोटी, व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, आशीष नेगी, मोहित सिंह, शुभम, विवेक नेगी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा.ऐश्वर्य राणा व छात्र मयूरेश शाह व लवली ध्यानी ने संयुक्त रूप से किया।

## नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला चढ़ा हत्थे

**पौड़ीः** पैठाणी पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष पैठाणी वीरेंद्र रमोला ने बताया कि बीती 21 मई को थाना पैठाणी क्षेत्र के स्थानीय व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री के घर से कहीं चले जाने व वापस न आने संबंध में थाना पैठाणी में तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने थानाध्यक्ष को मामले में जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बताया कि टीम ने आरोपी विवेक पंत को नाबालिक के साथ बनास पुल पैठाणी के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रमेश जयाड़ा, महिला उपनिरीक्षक दीपिका बिष्ट, महिला मुख्य आरक्षी तुलसी कोहली, मुख्य आरक्षी सुरजीत, आरक्षी हरीश आदि शामिल थे।

# कार्यशाला का किया आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**दिल्लीः** नेत्रहीन बच्चों के लिए माता पार्वती देवी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

पूर्वी दिल्ली के गढ़वाल सदन कड़कड़डूमा में माता पार्वती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट व गढ़देशीय भ्रातृ मण्डल के सयुंक्त तत्वाधान में उत्तर-राखण्ड के 20 दृष्टिहीन छात्र/छात्राओं (प्रतिभावान दिव्यांग) के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।आयोजन के पहले दिन 26 मई को उत्तराखण्ड से सभी छात्र – छात्राऐं व उनके सहयोगी सदस्य दिल्ली पहुंचे, तत्पश्चात दोपहर नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड के कार्यालय आरके पुरम में दो घंटे की कार्यशाला हुई। विद्यार्थियों ने आईआईटी दिल्ली की महत्वपूर्ण कार्यशाला में भाग लिया। माता पार्वती देवी चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर सिंह राणा एवं गढ़देशीय भ्रातृ मण्डल के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका स्वागत व अभिनन्दन किया व बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कार्यक्र रखा। सम्मानित होने वाले छात्र/छात्राओं में गौरव भट्ट,पृथ्वीक , अविरल ,द्रोण चौहान ,सोनी पाल, शिवा , मेधांश सोनी , प्रेमा राठौर , रीमा , अनीता मनुरी,अर्श थापा, अल्फरीद, राजेश्वरी चौहान , राजेंद्र सिंह नेगी , अमित सिंह नेगी,हरीश पंवार ,आर्यन सिंह नेगी शामिल थे। इस अवसर पर पूर्वी दिल्ली के निगम पार्षद यशपाल कैंतुरा, अध्यक्ष महावीर सिंह राणा , आदित्य घिल्डियाल ,डॉक्टर अशोक कुमार सूद ,एसीपी मोहन सिंह रावत (दिल्ली पुलिस), विनोद बछेती, अजय सिंह बिष्ट , सीमा रावत,रोशनी चमोली,मनोरमा भटट्,मंगल सिंह नेगी ,राकेश डंडरियाल, केदार सिंह व धारी देवी फिल्म के निर्देशक देवू रावत शामिल थे।




दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते समिति के सदस्य

## महाविद्यालय को दी किताबें व अन्य सामग्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शुभारंभ फाउंडेशन की ओर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को आंग्रेजी विभाग की लाइब्रेरी के लिए किताबें , बुक शेल्फ व उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स शूज, स्पोर्ट्स वाटर बोतल वितरित किए गए।

फाउंडेशन के सदस्यों ने महाविद्यालय की प्राचार्य जनकारी पंवार के हाथों में सामग्री को सौंपा। प्राचार्य ने फाउंडेशन के संस्थापक मयंक खंतवाल, अविरल भारद्वाज, डॉ शोभा रावत (विभाग प्रभारी, हिंदी) का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय से भागीदारों का जुडना महाविद्यालय की उन्नति का द्योतक एवं विकास हेतु अत्यंत शुभ संकेत है।आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ प्रवीण जोशी (विभाग प्रभारी, इतिहास) ने फाउंडेशन के इस कार्य की सराहना की। फाउंडेशन ने कौशल विकास योजना की संयोजक डॉ सुनीता नेगी (विभाग प्रभारी, बायोटेक) व करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ अमित कुमार जायसवाल से महाविद्यालय में कौशल विकास योजना एवं प्लेसमेंट से संबंधित संरचना की ली। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग प्रभारी डॉ वंदना चौहान, डॉ मानसी वत्स, डॉ अमित कुमार गौड़, सोमेश ढौंडियाल, डॉ रमेश चौहान, डॉ सुषमा भट्ट थलेडी, डॉ ऋचा जैन, डॉ तनु मित्तल, डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ सुलेखा घिल्डियाल, डॉ कपिल देव थपलियाल, डॉ मोहन कुकरेती, डॉ सुनीता गुसाईं, डॉ प्रियम अग्रवाल, डॉ सुमन कुकरेती, डॉ सूर्य मोहन, डॉ मुकेश रावत आदि मौजूद रहे।



महाविद्यालय को सामग्री सौंपते सदस्य

# पुण्य तिथि पर पंड़ित जवाहरलाल नेहरू को किया याद

### महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान सदस्यों ने समाज हित के लिए पंड़ित जवाहरलाल नेहरू के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपना बहुमूल्य योगदान दिया था। वे आधुनिक भारत के शिल्पकार, वैज्ञानिक चेतना के जनक और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने भारत को संपन्न लोकतंत्र दिया। उनकी सहानुभूति प्रकृति ने हमें सहिष्णुता और भाईचारा सिखाया, जिसके लिए देश सदा उनका ऋणी रहेगा।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय मित्तल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, धीरेंद्र बिष्ट, महावीर रावत, सुनील सेमवाल, रूपेंद्र सिंह नेगी, विनोद कुमार अग्रवाल, जनक भाटिया और संदीप शाह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



पंड़ित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

# स्कूल से घर वापस नहीं लौटी नाबालिग बालिका, नजफगढ़ से बरामद, युवक गिरफ्तार



अल्मोड़ा। बीती 24 मई को एक व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के स्कूल से घर वापस नहीं आने के सम्बन्ध में थाना चौखुटिया में तहरीर दी थी। प्राप्त तहरीर पर थाना चौखुटिया में तत्काल एफआईआर दर्ज की गयी। नाबालिग बालिका की गुमशुदगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अल्मोड़ा रामचंद्र राजगुरु द्वारा थानाध्यक्ष चौखुटिया को बालिका की तलाश कर शीघ्र बरामद करने के निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी रानीखेत टी. आर. वर्मा व सीओ ऑपरेशन ओशिन जोशी के पर्यवेक्षण, निर्देशन में नाबालिग बालिका की तलाश हेतु प्रभारी थानाध्यक्ष चौखुटिया के नेतृत्व में गठित चौखुटिया पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिका के सोशल मीडिया आईडी की निगरानी व ठोस जांच कर साईबर सेल अल्मोड़ा की सहायता से अथक प्रयासों के उपरांत शुक्रवार 26 मई को गुमशदा नाबालिग बालिका को अजय रावत (21 वर्ष) पुत्र स्व0 सोबन सिंह रावत, निवासी ग्राम टटलगांव, चौखुटिया, जनपद अल्मोड़ा के साथ से नजफगढ़, दिल्ली से बरामद किया गया। नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने पर अभियुक्त अजय रावत को गिरफ्तार कर पंजीकृत अभियोग में भादवि व पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं की बढ़ोतरी कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। यहाँ पुलिस टीम में थाना चौखुटिया से उपनिरीक्षक बृज मोहन भट्ट, अपर उपनिरीक्षक अनवर अहमद, महिला कांस्टेबल सीता चौहान और साईबर सेल, अल्मोड़ा से इंदर कुमार शामिल रहे।

### विधायक चौहान ने किया 27 मेरिट होल्डरों को सम्मानित

काशीपुर। इंटर की टॉपर तनु चौहान समेत 27 मेरिट होल्डर मेधावियों को विधायक आदेश चौहान ने चांदी का सिक्का और बैग देकर हौंसला बढ़ाया ग्राम निवारमंडी में विधायक आवास पर हुए कार्यक्रम में विधायक ने मेधावियों को सम्मानित किया।

शनिवार को हुए सम्मान समारोह में इंटर टॉपर तनु चौहान समेत लक्ष्य प्रताप, रोहन, कुशाग्र, कशिशा, आराध्या, ऋषभ, तुषार आयुष, चर्चिल, शादाब, वंशिका गुप्ता, प्रांजल आंकाशी, कनिका, पियूष, कहकशां, सना परवीन, प्राची, समरीन को चांदी का सिक्का, बैग देकर सम्मानित किया। विधायक ने मेधावियों समेत रामलाल सिंह इंका के प्रधानाचार्य नरेश कुमार, बलकरन एवं पूर्णानंद इंका के शिक्षक, ट्यूटर ऋषभ कुमार को बधाई दी।

# गुलदार से भिड़कर किसान ने बचाई जान



काशीपुर। पतरामपुर बाजार में सामान खरीदने आ रहे एक किसान पर अचानक एक गुलदार ने हमला बोल दिया। गुलदार उसे खींचकर खेतों की ओर ले जाने लगा तो किसान ने हिम्मत दिखाते हुए उसके दोनों पंजे पकड़ लिए। साथ ही शोर मचाकर आसपास काम कर रहे ग्रामीणों को बुला लिया। ग्रामीणों के आने पर गुलदार भाग खड़ा हुआ। हमले से किसान घायल हो गया। डॉक्टरों ने उसका उपचार कर घर भेज दिया। शनिवार दोपहर ग्राम भोगपुर निवासी अंग्रेज सिंह (45) पुत्र जीत सिंह पतरामपुर के बाजार से घरेलू सामान की खरीदारी करने आ रहा था। इसी बीच रास्ते में मक्के के खेत में बैठे गुलदार ने अचानक उस पर हमला बोल दिया और उसे खींचकर जंगल की ओर ले जाने लगा। गुलदार की पकड़ ढीली होने पर अंग्रेज सिंह ने तुंरत गुलदार के दोनों पंजे पकड़ लिए। इससे गुलदार बेबस हो गया। इस दौरान किसान के दोनों हाथ और शरीर के अन्य हिस्से बुरी तरह जख्मी हो गए। किसान ने शोर मचाकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों को बुला लिया। शोर मचाते हुए ग्रामीण जब किसान की ओर दौड़े तो गुलदार किसान को छोड़ खेतों की ओर भाग गया। ग्रामीण उपचार के लिए उसे पतरामपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग को गुलदार की मौजूदगी की सूचना दी है।

अंग्रेज सिंह जंगल किनारे जा रहा था। जंगल में गूलदार का मूवमेंट है। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है, साथ ही गश्त भी बढ़ा दी गई है। घायल का उपचार कराया जा रहा है।

# बुजुर्ग महिला का सोने के आभूषण व कीमती सामान से भरा सूटकेस लौटाया



अल्मोड़ा। शनिवार को मिशन इंटर रानीखेत के प्रवक्ता नितिन बर्ग ने अपनी माता का सूटकेस जिसमें सोने के कीमती आभूषण मांग टीका, हाथ के कंगन, कान के झुमके, महत्वपूर्ण दस्तावेज व कुछ रुपये थे, रानीखेत बाजार में कहीं खोने की सूचना कोतवाली रानीखेत में दी। रानीखेत पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सूटकेस को पूर्ण सामान सहित बरामद कर नितिन बर्ग की पत्नी व उनकी माताजी के सुपुर्द किया गया। अपने कीमती सामान व आभूषण से भरे सूटकेस को सभी सामान सहित वापस पाकर उनके द्वारा रानीखेत पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

### लंबित समस्याओं का समाधान नहीं होने पर गुस्सा

बागेश्वर। राज्य कर्मचारी, अधिकारी एवं शिक्षक पेंशनर्स संगठन की बैठक आयोजित की गई। इसमें लंबित समस्याओं का समाधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वह आंदोलन प्रारंभ करेंगे। राम मंदिर गरुड़ परिसर पर संगठन के अध्यक्ष रमेश चंद्र ने बैठक की अध्यक्षता की। पेंशनरों ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य योजना का लाभ नहीं लेने वाले पेंशनरों को अशंदान राशि वापस की जाए। योजना के तहत पोर्टल सुविधा प्रदान की जाए। ताकि वह अपनी समस्याएं पोर्टल के माध्यम से शासन तक पहुंचा सकेंगे। जिन पेंशनरों की अशंदान राशि काटी जा रही है, उन्हें राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण कैसलेस सुविधा दे। निशुल्क जांच और दवाइयां मिले। उन्होंने कहा कि यदि पेंशनरों के साथ अन्याय हुआ तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान अजब सिंह दानू, तारा सिंह कठायत, नवल किशोर जोशी, पान सिंह फर्स्वाण, मोहन चंद्र कंसेरी, आनंद सिंह, बचे सिंह आदि उपस्थित थे।

# पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किए पंडित नेहरू को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित



अल्मोड़ा। देश के पहले प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू की 59वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भावपूर्ण स्मरण किया। इस मौके पर स्प्रिंगफील्ड स्थित कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने जवाहर लाल के जीवन वृत्त तथा प्रथम प्रधानमंत्री के तौर पर भारत के सर्वांगीण विकास की दिशा में उनके द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने विकास की जो नींव रखीं थी, उसके परिणाम स्वरूप आज भारत विश्व के अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा है। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प व्यक्त किया। नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य कैलाश पांडे, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा साह माहरा, एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट ललित मोहन आर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, व्यापार मंडल महासचिव संदीप गोयल, उपसचिव विनीत चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत रौतेला, हेमंत बिष्ट, विजय तिवारी, नवीन आर्या, दीप उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र पवार, सोनू सिद्दकी आदि मौजूद रहे।

# शादी बारातों में पौध लगाने की परंपरा शुरू की



बागेश्वर। वृक्षप्रेमी दिनेश लोहनी ने कहा कि शादी-बारातों में पेड़ लगाने की परंपरा डालनी होगी। उन्होंने दूल्हा-दुल्हन को पौधे भेंट कर इस परंपरा की बकायदा शुरुआत कर दी है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण करने में काफी मदद मिलेगी। वृक्षप्रेमी दिनेश लोहनी ने कौसानी में प्रताप सिंह व सरस्वती देव के सुपुत्र सुशील देव के विवाह समारोह में जाकर दूल्हा-दुल्हन को माल्टा का पौधा भेंट किया और उसका रोपण कराया। उन्होंने कहा कि इससे धरती हरी-भरी होगी और पर्यावरण संतुलित रहेगा। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या भी दूर होगी और मौसम चक्र भी अनुकूल रहेगा। कहा कि इससे जीवन पर्यंत शादी की याद भी बनी रहेगी। लोगों ने वृक्षप्रेमी के इस अभियान का स्वागत करते हुए सराहना भी की है।

### प्रशासन की टीम ने किए किच्छा में दो सौ निर्माण ध्वस्त

काशीपुर। प्रशासन की टीम ने अभियान चला कर हल्द्वानी रोड किनारे अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया। इसके कारण पूरे दिन अफरातफरी का माहौल बना रहा है। प्रशासन की सख्ती के सामने कब्जाधारी अभियान का विरोध नहीं कर पाए। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही। प्रशासन की टीम ने करीब दो सौ निर्माण ध्वस्त किए। लोक निर्माण विभाग ने हल्द्वानी रोड पर एमपी चौक से बेनी मजार तक रेलवे स्टेशन की दीवार से 24 मीटर की दूरी तक दो सौ अतिक्रमण चिन्हित किए थे।




# पूर्व पीएम स्व० नेहरू की पुण्यतिथि पर किया भावपूर्ण स्मरण

बागेश्वर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर भावपूर्वक याद किया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, रंजीत दास, प्रमोद जोशी, कुंदन गिरी, किशन कठायत, ललित बिष्ट, गोपा धपोला, नवीन टम्टा, हरीश परिहार, मुन्ना पांडे, गोकुल परिहार आदि मौजूद रहे।



# सेवा विस्तार के लिए उपनल कर्मी डटे रहे

बागेश्वर। सेवा विस्तार की मांग को लेकर उपनल कर्मचारियों ने शनिवार को कलक्ट्रेट उन्होंने नारेबाजी के साथ धरना दिया। कहा कि स्वास्थ्य और सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है। कोरोनाकाल में उनकी जरूरत थी। उन्हें नौकरी पर रख लिया। बीते 31 मार्च को निकाल दिया। महंगाई और बेरोजगारी के कारण वह परेशान हैं। बीते एक माह से अधिक समय से धरने पर हैं। कोई भी उनकी सुध नहीं ले रहा है। उन्होंने सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की। इस दौरान संजय कन्नौजिया, बलवंत नगरकोटी, रीता देवी, ऋतु, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

### लधिया नदी में हो रहे अवैध खनन को रोका जाए

चम्पावत। ग्राम पंचायत नौलापानी के लधिया नदी में धड़ल्ले से हो रहे अवैध खनन से ग्रामीण परेशान हो गए हैं। उन्होंने प्रशासन को शिकायती पत्र देकर अवैध खनन रोकने की मांग की है। शनिवार को नौलापानी के ग्रामीण 35 किमी दूर टनकपुर तहसील पहुंचे। ग्रामीण शंकर जोशी के नेतृत्व में एसडीएम सुंदर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कहा कि लधिया नदी में अवैध खनन का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। कहा कि नौलापानी गांव पहले से ही भू-स्खलन की दृष्टि से खतरे की जद में है। कहा कि नियमों का उल्लंघन कर रात भर खनन माफिया जेसीबी से खनन कर रहे हैं। इससे सरकार के राजस्व को जमकर चूना लगाया जा रहा है।

# विधायक गड़िया ने गांव-गांव जाकर सुनीं लोगों की समस्या



बागेश्वर। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने शनिवार को क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्राम पंचायत पपों, रतायस, गापानी, सुंदिल, जुनायल पहुंचे। जन संपर्क के दौरान उन्होंने लोगों से केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकरी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। लोगों ने बिजली, पानी व सड़क की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, मंडल अध्यक्ष बहादुर खाती, गणेश सुरकाली, हरीश मेहरा,सुरेश कालाकोटी, ग्राम प्रधान जुनायल मंजू जोशी आदि मौजूद रहे।

# चलती कार का स्टेयरिंग लॉक, चार लोग घायल



चम्पावत। पिथौरागढ़ से हल्द्वानी की ओर जा रही कार का बाराकोट के पास स्टेयरिंग लॉक हो गया। अनियंत्रित होकर कार एनएच किनारे दीवार से टकरा गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए।

गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। शनिवार को दोपहर करीब एक बजे बाराकोट में नवीन होटल के पास एक कार का अचानक स्टेयरिंग लॉक हो गया। इससे कार अनियंत्रित होकर एनएच किनारे सुरक्षा दीवार से जा टकराई। हादसे में एनएच पर नालियां खोदने का कार्य कर रहे दो मजदूर भी इसकी चपेट में आ गए। दुर्घटना में वाहन स्वामी किशन प्रसाद और उनकी पत्नी रेशू निवासी पिथौरागढ़ के अलवा एनएच पर कार्य कर रहे परवेज और शाकिब भी घायल हो गए। जबकि कार में सवार भतीजे लक्ष्मण सही सलामत रहे। उपचार कर रही डॉ. छाया बोरा ने बताया कि रेशू की गंभीर हालत को देखते हुए रेफर किया गया है। अन्य तीनों की हालत खतरे से बाहर है। कार स्वामी किशन प्रसाद ने बताया कि घटना स्टेयरिंग लॉक होने से हुई।

### फल-सब्जी के वाहनों को मंडी गेट पर अनावश्यक खड़ा न करें: कैड़ा

हल्द्वानी। किसानों को मंडी गेट पर हो रही परेशानी को लेकर भीमताल विधायक ने मंडी सचिव व उपनिदेशक के साथ बैठक की। शनिवार को मंडी सचिव दिग्विजय सिंह व उपनिदेशक मंडी केदार सिंह के साथ हुई बैठक में विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा मंडी गेट पर किसानों के फल-सब्जियों से भरे वाहनों को अनावश्यक कई घंटों तक खड़ा किया जा रहा है। जब उनके वाहनों को अंदर भेजा जाता है तब तक बाहर के व्यापारी मंडी से चले जाते हैं। जिससे किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

# ट्रांसफार्मर में जोरदार धमाका, 15 घरों के उपकरण फुंके, उपभोक्ताओं में आक्रोश

बागेश्वर। काफलीगैर तहसील के करासघट गांव में ट्रांसफार्मर में जोरदार धमका हो गया। जिससे 15 घरों में लगे बिजली के उपकरण फुंक गए हैं। उपभोक्ताओं में आक्रेश है। उन्होंने ऊर्जा निगम पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया है। जले पकरणों का मुआवजा देने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। बीते शुक्रवार की देर रात लगभग साढ़े दस बजे करासघट गांव के ट्रांसफार्मर में जोरदार धमका हुआ। घरों में लगे टीबी, फ्रिज, बल्ब, चार्ज पर लगे मोबाइल, पंखे और वायरिंग जल गए हैं। पूर्व प्रधान भुवन जोशी ने बताया कि धमका तेज था। ट्रांसफार्मर में आग लग गई। तेज हवाओं और वर्षा के कारण आग फैलने से बच गई। जबकि गांव चीड़ के जंगल के मध्य बसा हुआ है। उन्होंने कहा कि आए दिन इस तरह के धमाके आम हो गए हैं। पूर्व में भी ग्रामीणों के उपकरण फुंक गए थे। जिसकी शिकायत ऊर्जा निगम से की गई। लाइनमैन को भी बार-बार सूचित किया गया। कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिसके कारण ग्रामीणों को लगातार नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि लाइन में गड़बड़ी है। जिसे दुरुस्त करना जरूरी है। ग्रामीण कैलाश चंद्र, त्रिलोक चंद्र, कुंदन सिंह समेत 15 लोगों के उपकरण फूंके हुए हैं। उन्होंने मुआवजा देने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### एसएसबी के कमांडेट को दी विदाई

चम्पावत। पंचम वाहिनी एसएसबी चम्पावत के कमांडेंट प्रमोद देवरानी का बल मुख्यालय दिल्ली स्थानांतरण होने पर अफसरों व जवानों ने भावभीनी विदाई दी। अब कमांडेंट हरीश चंद्र जोशी को कार्यभार सौंपा गया है।

# छात्रों से पॉलीथिन का प्रयोग न करने की अपील की




नई टिहरी। टिहरी प्रभाग के कौड़िया रेंज के कर्मचारियों ने रेंज अनुभाग अधिकारी अजयपाल पंवार के नेतृत्व में माई लाइफ फॉर पर्यावरण अभियान के तहत राजकीय इंटर कॉलेज ठागधार के छात्रों ने वन कर्मियों के साथ कॉलेज परिसर और रास्ते में बिखरे पॉलीथिन को एकत्रित कर स्वच्छता अभियान चलाया। वन विभाग कर्मचारियों ने छात्रों और शिक्षकों को पर्यावरण स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। रेंज अनुभाग अधिकारी ने छात्रों से सिंगल यूज प्लॉस्टिक का प्रयोग न करने की अपील की। कहा पॉलीथिन पर्यावरण के लिये सबसे घातक है। पॉलीथिन पर्यावरण के साथ मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने छात्रों से वनाग्नि की घटना होने पर ग्राम प्रहरी तथा वन विभाग कर्मचारियों को सूचना देने को कहा। कहा कि जब पर्यावरण स्वच्छ और साफ रहेगा तभी जीवन भी सुरक्षित होगा। उन्होंने छात्रों से खाली जगहों पर पौधे लगाने की अपील भी की। मौके पर रेंज के वन बीट अधिकारी कृष्णा सिंह, नरेन्द्र नेगी, नीलम आदि मौजूद थे।

## बाहरी लोगों के सत्यापन की कार्रवाई तेज

चमोली। बदरीनाथ में यात्रियों के रजिस्ट्रेशन, कानून व्यवस्था, टोकन सिस्टम और यहां रहे बाहरी लोगों को सत्यापन की कार्रवाई तेज हो गई है। यात्रा मजिस्ट्रेट युक्ता मिश्रा ने पुलिस और पर्यटन विभाग के साथ बदरीनाथ धाम में आयोजित बैठक में यात्रा व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिये। कहा कि श्री बदरीनाथ धाम में चारधाम यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखी जाये। यहां विभिन्न कार्यों, निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों के लगातार सत्यापन की कार्रवाई अमल में लायी जाए। कोतवाली बदरीनाथ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यात्रा मजिस्ट्रेट एसडीएम युक्ता मिश्रा ने कहा कि यात्री रजिस्ट्रेशन सिस्टम तथा टोकन सिस्टम को समुचित रूप से संचालित करने के लिए समन्वय के साथ कार्य किया जाये।

# प्रधानों ने ब्लॉक की समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

नई टिहरी। देवप्रयाग ब्लॉक की समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान संगठन व पूर्व प्रमुखों ने मुख्यमन्त्री को 11सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया। जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं का समाधान न होने पर जून के अंत में आंदोलन की चेतावनी भी दी गयी। सीएम को भेजे गए ज्ञापन में संगठन अध्यक्ष सोबन सिंह चौहान ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोलाखाल ,हिंसरियाखाल, पौड़ीखाल (स्यूटा) में प्रसूति गृह खोलने व महिला चिकित्सक की नियुक्ति व एक्सरे अल्ट्रासाउण्ड मशीन की सुविधा देने व हिण्डोलाखाल अस्पताल में जनरेटर लगाने की मांग की। जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक मुख्यालय में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किये जाने के सभी मानक पूरे होने पर इसकी तत्काल स्वीकृति दिये जाने, सभी ग्राम पंचायतों में मातृ व शिशु कल्याण उपकेन्द्र खोल जाने, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हिण्डोलाखाल में रोजगारपरक ट्रेड कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक, कम्यूनिकेशन व सिविल के ट्रेड खोलने व अध्यापकों की नियुक्ति करने, रौड़धार में नवनिर्मित आईटीआई भवन का उपयोग करते वर्तमान के अनुरूप ट्रेडों को खोलने, झण्डीधार, डाण्डा पम्पिंग योजना का सुदृढ़ीकरण व फिल्टर की व्यवस्था करने, दिसंबर 2021 में शिलान्यास के बाद जामणी बारगुर भैंसकोट मार्ग के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति दिये जाने, उखरियाली तप्पड़ व सिमसारी श्रीकोट में बने स्टेडियमों को जल्दी शुरू कर युवाओं को अवसर देने, विद्युत व्यवस्था में सुधार करने, जंगली जानवरों से खेती को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए कार्ययोजना बनाए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रमुख मगन सिंह बिष्ट व जयपाल पंवार, ज्येष्ठ प्रमुख विजयपाल पंवार, गबर सिंह बंगारी, विजय सिंह, पूर्व प्रधान रजनीश कांत तिवाडी, रघुवीर रावत, गुड्डा सिंह कैठत, चंडी प्रसाद, हरि सिंह, वीर सिंह, सोहन सिंह, अश्वनी आदि शामिल रहे।

## गन्ने की खोई उड़ने से क्षेत्रवासी परेशान

ऋषिकेश। डोईवाला के खता रोड पर गन्ने की खोई उड़ने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चीनी मिल के ईडी से समस्या के निस्तारण की गुहार लगाई है। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोईवाला चीनी मिल पहुंचकर अधिशासी निदेशक डीपी सिंह से मुलाकात की।

# लापता मां और उसकी तीन बेटियां राजस्थान से मिलीं

ऋषिकेश। संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई एक मां और उसकी तीन बेटियों को ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने राजस्थान के कोटा से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस मां और बेटियों को लेकर ऋषिकेश पहुंची तो पिता बेटियों से मिलने कोतवाली पहुंचे। बेटियों से मिलने के बाद पिता अचानक तबीयत खराब होने की वजह से बेहोश होकर गिर पड़े। पुलिस ने उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला सब इंस्पेक्टर हेमलता ने बताया कि विस्थापित कॉलोनी में रहने वाले राम ने अपनी पत्नी और तीन बेटियों के लापता होने की रिपोर्ट पुलिस में लिखाई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि राम की पत्नी मानसिक रूप से बीमार है। वह घर से बरेली जाने के लिए निकली, लेकिन गलती से वह राजस्थान की ट्रेन में बैठ गई। इससे राम की पत्नी और उसकी तीन बेटियां राजस्थान के कोटा पहुंच गई। किसी तरह पुलिस ने कोटा पहुंचकर राम की पत्नी और बेटियों को बरामद किया और उनको लेकर ऋषिकेश पहुंची। इस दौरान राम अपनी बेटियों और पत्नी से मिलने के लिए कोतवाली पहुंचे। पत्नी और बेटियों से मिलने के बाद अचानक राम की तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश होकर गिर पड़े। अस्पताल पहुंचाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। सब इंस्पेक्टर हेमलता ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## साठ लाख के शेयर हड़पने का आरोप

हरिद्वार। एक शेयर ब्रोकर ने अपने स्थानीय फ्रेंचाइजी होल्डर पर साठ लाख के शेयर हड़प लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र की पॉश कालोनी शिवालिक नगर निवासी वीरेंद्र कुमार की शेयर ट्रेंडिंग की बोनाजा पोर्ट फोलियो के नाम से फर्म है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर रोहित गर्ग, निवासी शिवालिक नगर को फ्रेंचाइजी दी हुई थी।

आरोप है कि पिछले करीब तीन साल से वह उनके लिए कार्य कर रहा था और उसके अलग–अलग कंपनियों की शेयर ट्रेडिंग से लगभग 60 लाख रुपये का लाभ हुआ था। आरोप है कि रोहित ने शेयर की रकम देने से इनकार कर दिया। दबाव बनाने पर उसने महज तीन लाख की रकम दी लेकिन उसके बाद शेयर की रकम देने से इनकार कर दिया। यही नहीं अपना घर छोड़कर शहर से फरार हो गया।

## संयुक्त निदेशक प्रो. उनियान ने किया महविद्यालय का निरीक्षण

नई टिहरी। संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड प्रो. एएस उनियाल ने राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में महाविद्यालय में सभी व्यवस्थाएं संतोष जनक पाई गईं। प्रो. उनियाल ने प्राध्यापकों से छात्र–छात्राओं को नियमित रूप से महाविद्यालय आने के लिए प्रेरित करने की बात कही। प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने संयुक्त निदेशक को महाविद्यालय की विषम भौगोलिक परिस्थितियों से अवगत कराया। छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह, सचिव प्रियभरत व महासंघ कोषाध्यक्ष नवीन ने उन्हें महविद्यालय में एमए भूगोल, शिक्षा शास्त्र, बीए गृह विज्ञान, बीएससी कंप्यूटर साइंस की संस्तुति दिये जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। संयुक्त निदेशक ने महाविद्यालय के पुस्तकालय व परिसर का निरीक्षण करते हुए कहा कि, नैक की ओर से किये जाने वाले मूल्यांकन की तैयारियों को महाविद्यालय को कंप्यूटर, प्रिंटर आदि के लिए पांच लाख की राशि दी जायेगी। मौके पर डॉ.अर्चना धपवाल, डॉ.दिनेश कुमार, डॉ. एमएन नौडियाल, डॉ.लीना पुंडीर, डॉ.पारुल रतूड़ी, डॉ.आदिल, डॉ.शीतल डॉ. प्रतीक गोयल, डॉ.कृष्णा मिश्रा, डॉ.प्रियंका, डॉ.यतिन काला, शौकीन सजवाण, मैताब सिंह आदि मौजूद रहे।

# निर्मल आश्रम में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित



ऋषिकेश। निर्मल आश्रम में शनिवार को मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें एनडीएस और एनजीए स्कूल के इंटरमीडिएट के मेधावियों को सम्मानित किया गया। शनिवार को निर्मल आश्रम ऋषिकेश के परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आश्रम के महंत राम सिंह महाराज और संत जोध सिंह महाराज ने एनडीएस और एनजीए स्कूल के इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एनजीए स्कूल की छात्रा प्रकृति भट्ट ने वाणिज्य वर्ग 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अभिनन्दन कुमार ने विज्ञान वर्ग 93.2 प्रतिशत और रिया शर्मा ने वाणिज्य वर्ग में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार एनडीएस स्कूल की छात्रा विधि पोखरियाल ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्नेहा सबरवाल ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं मीमांसा सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

इस दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रकृति भट्ट व विधि पोखरियाल को 70,000 रुपये, द्वितीय स्थान पाने वाले अभिनन्दन कुमार व स्नेहा सबरवाल को 60,000 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रिया शर्मा व मीमांसा सिंह को 50,000 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में दिए गए। मौके पर निर्मल आश्रम संस्था के बिक्रमजीत सिंह, करमजीत सिंह, प्रिंसिपल एनडीएस ललिता कृष्णास्वामी, प्रिंसिपल एनजीए डॉ. सुनीता शर्मा, प्रधानाध्यापिका अमृतपाल डंग, अशोक जोशी, सरदार चरणजीत सिंह, सरदार हरमनप्रीत सिंह, दिनेश शर्मा, सरदार देवेंद्र सिंह भट्ट, सरदार हरप्रीत सिंह, विनोद बिजल्वान, शम्मी पैन्यूली, सोहन सिंह, सरदार गुरजिंदर सिंह आदि उपस्थित रहे। उधर, राजकीय इंटर कॉलेज खदरी में कार्यक्रम आयोजित कर उत्तराखंड बोर्ड के इंटरमीडिएट परीक्षा में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली आंचन रावत को सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस कंडारी, डॉ. ताजबर सिंह पडियार, कंचन पंत, एसएस श्रीवास्तव, एसके दुबे, समाजसेवी अनिल रावत, राकेश रतूड़ी, डीएस रावत, रणबीर सिह पुंडीर, मनोज राणा, नागेंद्र नाथ पाण्डेय आदि रहे।

# भाजपा ऋषिकेश विस क्षेत्र की कार्यसमिति की हुई बैठक



ऋषिकेश। भाजपा के विधानसभा ऋषिकेश क्षेत्र की कार्यसमिति की बैठक में वक्ताओं ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपाइयों से जन–जन तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। शनिवार को बैठक शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि 30 मई को भाजपा सरकार के नौ साल रहे हैं। इसी उपलक्ष्य में महाजनसंपर्क अभियान को चलाया जा रहा है। महा जनसंपर्क अभियान में उन सभी कामों को जनता तक पहुंचाना है, जो हमारी सरकार द्वारा किए गए हैं। कहा कि स्वच्छता अभियान, सुकन्या योजना, जनधन खाता योजना और अटल आयुष्मान योजना गरीबों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रही हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में हमारे देश ने इतना संघर्ष किया कि आपदा को अवसर में बदल डाला। वैक्सीन का निर्माण करना बहुत बड़ी उपलब्धि साबित हुई है। आज पूरा विश्व भारत का लोहा मान रहा है और इसी के चलते जी–20 की अध्यक्षता मिलना बड़ी गौरव की बात है। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि देश ही नहीं विदेशों में भी भारत का डंका बोल रहा है। सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद से देश में सुख शांति का माहौल है और विकास भरपूर हो रहा है। देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने को कहा। उन्होंने महासंपर्क अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। मौके पर मेयर अनिता ममगाईं, जिला महामंत्री दीपक धमीजा, राजेंद्र तड़ियाल, मनोज ध्यानी, राहुल अग्रवाल, नीलम चमोली, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, राजकुमार राज, मोनिका गर्ग, जयंत शर्मा, रोहित भारद्वाज, लक्ष्मी गुरंग, पुनीता भंडारी, विनोद भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## 30 मई को पर्यटन विकास यात्रा का आयोजन

चमोली। हिमालय पर्यटन संगठन का वार्षिक अधिवेशन बौराड़ी प्रांगण में हुआ। जिसकी अध्यक्षता कमल सिंह महर ने की। अधिवेशन में वर्ष 2022–23का वार्षिक लेखा–जोखा तैयार किया गया। जिसका आडिट के बाद बैलेंस शीट बनाकर जल्दी ही कोषागार नई टिहरी को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। संगठन के अध्यक्ष जगजीत सिंह नेगी ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिमालय पर्यटन वार्षिक यात्रा आगामी 30 मई को मल्डसैंण थाती डागर में आयोजित करने का निर्णय लिया। जहां पर गंगा दशहरा मेला शिव मंदिर मल्डसैंण में स्थानीय लोगों के निमित आयोजित होता है। इस असवर पर मौजूद लोगों में जगदंबा प्रसाद डबराल, राजेंद्र अग्रवाल, डा.यूएस नेगी, प्रेम सिंह कुमांई पर्यटन विकास यात्रा पूरी तत्परता से प्रतिभाग करने का भरोसा दिलाया।

# नाम बदलकर मकान लेने पर यूकेडी ने किया विरोध प्रदर्शन

ऋषिकेश। डोईवाला के चांदमारी क्षेत्र में पश्चिम बंगाल निवासी एक व्यक्ति द्वारा नाम बदलकर मकान लेने पर यूकेडी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। खरीदे हुए मकान को व्यक्ति से वापस कराने के आश्वासन के बाद ही कार्यकर्ता माने। गौरतलब है कि डोईवाला के चांदमारी क्षेत्र में एक व्यक्ति ने मकान खरीदा है। यह मकान हिमाचल के विजय कुमार नाम के व्यक्ति से खरीदा गया। कुछ समय बाद जब उस मकान में संदिग्ध अजनबियों का आना–जाना शुरू हुआ तो आस–पड़ोस के लोग चौंक गये और सख्ती से पूछताछ की तथा आधार कार्ड आदि मांगा गया, तो सब भेद खुल गया। यूकेडी नेता शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि नाम बदल कर पहचान छुपाकर घर खरीदना बेहद आपत्तिजनक है। बदल रही डेमोग्राफी के पीछे इस तरह की घटनाएं बड़ा कारण है। यूकेडी के जिलाध्यक्ष संजय डोभाल ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के स्थानीय नेता ही इस व्यक्ति को संरक्षण देने का का काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों में इस को लेकर खासा आक्रोश है। इसको लेकर स्थानीय निवासी भाजपाई नेताओं से मिलकर भी अपना आक्रोश व्यक्त कर चुके हैं। वरिष्ठ नेता केंद्रपाल सिंह तोपवाल ने कहा कि यदि इस तरह के संदिग्ध लोगों को संरक्षण दिया जाएगा, तो यूकेडी आंदोलन का रास्ता इख्तियार करेगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में यूकेडी जिलाध्यक्ष संजय डोभाल, केंद्र पाल सिंह तोपवाल, विनोद कोठियाल, बीना नेगी, कांता नवानी, राजकुमारी उनियाल, कुवर सिंह गुसाईं, मनीष नेगी, सरोजिनी सरोजिनी पवार बीटी घिल्डियाल बीपी भट्ट प्रेमानंद सेमवाल प्रमोद रावत सरोजिनी ने की उर्मिला सेमवाल रेखा बडोनी संजय कुमार विजय कुमार धीमान, देवेन्द्र सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

## वीकेंड पर जाम से परेशान रहे राहगीर

हरिद्वार। वीकेंड और चारधाम यात्रा के कारण वाहनों का दबाव बढ़ने से हरिद्वार में हाईवे पर लंबा जाम लगने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार दोपहर को हरिद्वार–देहरादून मार्ग पर भूपतवाला क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण के चलते यात्रियों को लंबे जाम से जूझना पड़ा। वीकेंड पर दिल्ली, हरियाणा के वाहनों की सड़कों पर कतार लगी रही। पंडित दीन दयाल उपाध्याय, पंतद्वीप पार्किंग फुल रही।

# फॉर्म हाउस में चोरी करने वाला चौकीदार गिरफ्तार

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांसोवाला स्थित फार्म हाउस में रविवार को हुई चोरी के मामले में नामजद फार्म हाउस के चौकीदार को पुलिस ने चोरी के रुपयों के साथ गिरफ्तार कर दिया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट मे पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। 22 मई को नितिन सैनी पुत्र जिनेश्वर सैनी निवासी प्रतीतपुर धर्मावाला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार 21 मई को उसके फॉर्म हाउस में चौकीदारी करने वाला सूरज पाल पुत्र अमरपाल निवासी बिरसिंहपुर कुरावली मैनपुर यूपी ने फार्म हाउस के लॉकर को तोड़कर उसमें रखी नगदी को चुरा ले गया। जिसके बाद सहसपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद चोरी का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। शनिवार को थाना पुलिस की टीम ने सुबह करीब ग्यारह बजे मुखबिर की सूचना पर आरोपी सूरजपाल को आईएसबीटी के पास से गिरफ्तार कर आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी के दो लाख 48 हजार 210 रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह नितिन सैनी के फॉर्महाउस में नौकरी करता था। उसे पता था कि नितिन ने फॉर्म हाउस के लॉकर में रुपये रखे हैं। बताया कि मौका पाकर उसने लॉकर तोड़कर उसमें रखी तीन लाख रुपये की नगदी चुराकर वह ऋषिकेश घूमने चला गया। जहां से वह आज दिल्ली जाने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि चोरी के बाकि रुपये उसने खर्च कर दिए हैं। एसपी देहात कमलेश उपाध्याय ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस की टीम में थानाध्यक्ष गिरीश नेगी, चौकी प्रभारी भरत सिंह रावत, कांस्टेबल मनदीप गिरी, आशीष राठी, जितेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## डोडा पोस्त के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली विकासनगर पुलिस ने डोडा पोस्त के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। नशे के खिलाफ अभियान के दौरान शुक्रवार देर रात कोतवाली पुलिस की टीम ने भीमावाला गांव के पास शक्तिनहर किनारे एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर उसकी तलाशी ली।

# मंदिर के सामने शराब की दुकान खुलने पर ग्रामीणों का हंगामा

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत कुंजागांव में शिव मंदिर के सामने अंग्रेजी शराब की दुकान खोलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को दुकान के सामने जमकर हंगामा काटा। ग्रामीणों ने दुकान को बंद कराकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामा कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि घनी आबादी के बीच शिव मंदिर के सामने शराब की दुकान खोल दी गई है। दुकान खुलने से पहले से ही ग्रामीण इसका विरोध कर रहे थे। मंदिर के सामने दुकान खुलने से श्रद्धालुओं को शाम को आरती करना भी मुश्किल हो जाएगा। कहा कि गांव में पहले से ही स्मैक, चरस, गांजा समेत अन्य नशीले पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त बड़े पैमाने पर होता है, अब शराब की दुकान खुलने से गांव का माहौल और अधिक बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। शराब की दुकान खुलने से गांव की महिलाओं का सड़क पर निकलना भी मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही मंदिर के सामने शराब की बिक्री होने से धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर के सामने और आबादी के बीच में शराब की दुकान का संचालन होने नहीं दिया जाएगा। ग्रामीणों ने दुकान के सामने करीब दो घंटे तक जमकर हंगामा काटा, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें शांत कराया। बावजूद इसके ग्रामीणों ने दबारा दुकान खुलने पर धरना देने की चेतावनी दी। हंगामा करने वालों में दीपक कुमार, संतोषी देवी, रामअवतार, गुड्डू, पूरण सिंह, घनश्याम, प्रमिला देवी, निर्मला, विनोद कुमार, आशीष चंद्र, देवेंद्र, जीत सिंह, मोहन लाल, विद्या दत्त आदि शामिल रहे।

# सुरेंद्र नेगी के समर्थक भी शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे



ऋषिकेश। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से जुड़ा मारपीट का प्रकरण एक बार फिर गर्माने लगा है। इस प्रकरण में एक दिन पहले भाजपाइयों ने सुरेंद्र नेगी और उनके समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित शिकायत दी थी। वहीं, शनिवार को नेगी की पत्नी दमयंती और उनके साथ पहुंचे लोगों ने कुछ लोगों पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड कर उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पहुंची पीड़ित सुरेंद्र सिंह नेगी की पत्नी दमयंती ने बताया कि मंत्री के खिलाफ गुमानीवाला में हुई महापंचायत के बाद मंत्री और उनके समर्थकों में बौखलाहट बढ़ गई है। मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए उनके पति और समर्थकों पर केस दर्ज कराने का दबाव पुलिस पर बना रहे हैं। सुरेंद्र सिंह नेगी की पत्नी के समर्थन में कोतवाली पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष यशवंत रावत ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने मंत्री के समर्थक कौशल बिजल्वाण और विपिन कुकरेती पर सुरेंद्र के साथी धर्मवीर प्रजापति के खिलाफ फेसबुक में पोस्ट अपलोड करने का आरोप लगाया। कहा कि उक्त पोस्ट से सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। लिहाजा उक्त लोगों पर कार्रवाई की जाए। वहीं, एक अन्य समर्थक कमल सिंह निवासी गुमानीवाला ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि पीड़ित सुरेंद्र नेगी और उनके परिजनों, मित्रों को मंत्री के मारपीट करने की घटना के बाद से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने जानमाल की सुरक्षा की गुहार पुलिस से लगायी है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक डीपी काला ने बताया चार शिकायती पत्र मिले हैं।

## थल सेनाध्यक्ष का दो दिवसीय मणिपुर दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी** आर एन एस। भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय दो दिवसीय मणिपुर का दौरा करेंगे। थल सेनाध्यक्ष विभिन्न स्थानों का दौरा कर स्थानीय फॉर्मेशन कमांडरों के साथ बातचीत कर जमीनी स्थिति का जायजा लेंगे। वे जवानों से बातचीत भी करेंगे।28 मई 2023 को वर्तमान स्थिति पर चर्चा और विचार–विमर्श कर भविष्य के दिशा–निर्देश को तय करने के लिए वे मणिपुर के माननीय राज्यपाल, अनुसुईया उइके, मुख्यमंत्री, एन बीरेन सिंह और मणिपुर के मुख्य सुरक्षा सलाहकार, कुलदीप सिंह से भी मुलाकात करेंगे ताकि, जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल की जा सके।मणिपुर में आंतरिक सुरक्षा की स्थिति को देखते हुए राज्य प्रशासन ने 3 मई 2023 को सेना और असम राइफल्स के तैनाती की मांग की थी। तत्काल प्रतिक्रिया के रूप में सेना और असम राइफल्स ने संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में सक्रिय वर्चस्व बना कर स्थिति को शांत करने के लिए 135 कॉलम तैनात किए गए। लगभग 35,000 नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और सेना और असम राइफल्स द्वारा विस्थापित नागरिकों को तत्काल राहत और मानवीय सहायता प्रदान की गई।

## खाना बनाते फटा छोटा सिलेंडर, छह झुलसे, दो गंभीर

**नोएडा (एजेंसी)**। नोएडा के सेक्टर–39 थाना क्षेत्र स्थित छलेरा गांव में छोटा सिलेंडर फटने से छह लोग झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे नीरज सैनी और भीम सैनी को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य चार का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि छलेरा गांव के गली नंबर एक में अरुण सैनी का मकान है। यहां कुछ लोग किराए पर भी रहते हैं। शुक्रवार रात खाना बनाते समय छोटे सिलेंडर में आग लग गई। आग बुझाने के लिए लोग मौके पर पहुंचे, तभी सिलेंडर फट गया।

सिलेंडर फटने से पास में मौजूद गणेश कुमार, कैपली, सलाम, इस्तेखान, नीरज सैनी और भीम सैनी झुलस गए। नीरज और भीम 30 प्रतिशत से ज्यादा झुलसे हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी घटनास्थल की ओर रवाना हुई। हालांकि वाहन के वहां पहुंचने से पहले ही लोगों ने आग पर काबू पा लिया। किचन का सामान भी इस दौरान जल गया।

## राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम बापू को दिया झटका

**जयपुर (एजेंसी)**। राजस्थान हाईकोर्ट ने जेल में बंद बाबा आसाराम बापू की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को सिनेमाघरों और ओटीटी प्लेट-फॉर्म पर रिलीज करने पर रोक लगाने की मांग की गई थी। जेल में बंद आसाराम ने ओम प्रकाश लखानी के साथ पहले जी5 स्टूडियो द्वारा निर्मित और निर्देशित फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह उनकी अनुमति के बिना उनके जीवन पर आधारित है और उन्हें नकारात्मक तरीके से दिखाया गया है। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने याचिका खारिज करते हुए कहा, फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद साफ कहा जा सकता है कि याचिकाकर्ता नंबर 2 का इससे कोई लेना–देना नहीं है। इसलिए, याचिकाकर्ता इस फिल्म के संबंध में किसी भी अंतरिम निषेधाज्ञा आदेश को पारित करने के लिए इस न्यायालय को राजी करने के लिए प्रथम थ्ष्टया ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं।

### पीएम मोदी के दौरे से पहले यूएस का बड़ा कदम

# दिवाली पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने के लिए बिल पेश



**वाशिंगटन , एजेंसी**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले अमेरिका ने बड़ा कदम उठाया है। अमेरिका की एक प्रमुख सांसद ने शुक्रवार को अमेरिकी कांग्रेस में एक खास बिल पेश किया। इसमें उन्होंने रोशनी के त्योहार दिवाली को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। देश भर के विभिन्न समुदायों ने उनके इस कदम का स्वागत किया है। अगर दिवाली दिवस विधेयक कांग्रेस से पारित हो जाता है तो राष्ट्रपति से इसे मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा और दिवाली अमेरिका में 12वीं संघीय छुट्टी हो जाएगी।

संसद सदस्य ग्रेस मेंग ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि दिवाली दुनियाभर में अरबों लोगों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका (क्र) में असंख्य परिवारों और समुदायों के लिए साल के सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। उन्होंने कहा कि दिवाली पर संघीय अवकाश परिवारों और दोस्तों को एक साथ त्योहार का जश्न मनाने की अनुमति देगा। इस दिन छुट्टी यह साबित करेगी कि सरकार राष्ट्र के विविध सांस्कृतिक अवसरों को महत्व देती है।

उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के क्वींस में दिवाली समारोह अद्भुत होते हैं और हर साल ये होते हैं। जो बताता है कि यह दिन इतने सारे लोगों के लिए कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ताकत इस राष्ट्र को बनाने वाले विविध अनुभवों, संस्कृतियों और समुदायों से है।

मेंग ने आगे कहा कि उनके द्वारा पेश किया गया दिवाली डे एक्ट इस दिन के महत्व पर सभी अमेरिकियों को बताने और अमेरिकी विविधता का जश्न मनाने की दिशा में एक कदम है। वह अमेरिका कांग्रेस के माध्यम से इस विधेयक को पारित करने के लिए उत्सुक है।

इस कदम का स्वागत करते हुए न्यूयॉर्क विधानसभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने कहा कि इस साल हमने देखा कि हमारा पूरा राज्य दिवाली और दक्षिण एशियाई समुदाय को मान्यता देने के समर्थन में एक स्वर से बोल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार में मेरी सहयोगी मेंग अब दिवाली को संघीय अवकाश घोषित करने के लिए अपने ऐतिहासिक कानून के साथ आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर ले जा रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। वह 21–24 जून तक अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी 22 जून को पीएम मोदी के सम्मान में व्हाइट हाउस में राजकीय भोज का आयोजन भी करेंगे। वॉशिंगटन डीसी के एक होटल में पीएम मोदी ठहरेंगे, जहां भारतीय समुदाय कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। 22 जून को जब व्हाइट हाउस में पीएम मोदी का स्वागत किया जाएगा तो उनके सम्मान में 21 तोपों की सलामी दी जाएगी।

## कांग्रेस नेताओं ने पंडित नेहरू को उनकी 59वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और पार्टी के पूर्व नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी 59वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। खडग़े, राहुल गांधी, पार्टी के कोषाध्यक्ष पवन बंसल और अन्य ने यहां शांति वन स्मारक पर नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की। नेहरू को याद करते हुए, खडग़े ने ट्विटर पर लिखाः आप चित्रों के चेहरों को दीवार की ओर मोड़कर इतिहास के पाठ्यक्रम को नहीं बदलते हैं।

प्रथम प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, पंडित नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। लोकतंत्र के निडर प्रहरी, उनके प्रगतिशील विचारों ने चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को गति प्रदान की। मेरी श्रद्धांजलि। 'हिन्द का जवाहर।

## यूपीएससी में चौथी रैंक हासिल करने वाली स्मृति का है गोरखपुर से खास नाता

**गोरखपुर (एजेंसी)**। देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा यूपीएससी में चौथी रैंक हासिल करने वाली स्मृति मिश्रा की पूरे देश में चर्चा है। स्मृति का मुख्यमंत्री के शहर गोरखपुर से है खास रिश्ता। दरअसल उनके पिता और मौजूदा समय में बरेली में डिप्टी एसपी राजकुमार मिश्रा की सेवा के शुरुआती दिन गोरखपुर में ही गुजरे। वह उस समय भी विभागीय भीड़ से अलग नजर आते थे। हालांकि वह तिवारीपुर, गगहा और शाहपुर के थानेदार भी रहे, पर कभी इस होड़ में नहीं रहे कि थानेदारी ही करनी है। लिहाजा उनकी सर्विस का अधिकांश समय एसएसपी या आईजी के पेशकार के रूप में ही गुजरा। बाद की पोस्टिंग में भी यही उनकी पसंद रही। इससे वह उनकी पत्नी अनिता बच्चों की पढ़ाई पर खास तौर पर फोकस कर सके। राजकुमार मूलरूप से इलाहाबाद के हैं। सैनिक स्कूल की पढ़ाई और एक स्पोर्ट्स मैन (बाक्सर) के रूप में जो संस्कार एवं अनुसाशन उनको मिला था, उसका असर बच्चों पर भी पडऩा स्वाभाविक है। स्मृति मिश्रा का जन्म गोरखपुर में हुआ। बाद में उनके पिता का ट्रांसफर आगरा में हो गया। उन्होंने आगरा के सेंट क्लेयर्स से 10वीं और 12वीं की पढ़ाई की है। स्मृति 12वीं के बाद आगरा से दिल्ली आ गईं और मिरांडा हाउस से बीएससी ऑनर्स करने के बाद से ही सिविल सर्विसेस की तैयारियों में जुट गईं। स्मृति का कहना है कि यूपीएससी एक दिन की परीक्षा नहीं है। छोटे–छोटे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। धैर्य और निरंतरता सफलता का सबसे बड़ा राज है। अच्छे नोट्स बनाकर उन्हें सही से पढऩे पर सफलता की संभावना बढ़ जाती है। 'मैंने इन्हीं टिप्स पर ध्यान दिया, पढऩे के घंटे पर कभी बहुत गौर नहीं किया।

## यूरोपीय संघ–भारत मिलकर स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु भागीदारी के तहत सहयोग करेगा : आरके सिंह

**नई दिल्ली ,एजेंसी**। केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने यूरोपियन ग्रीन डील, यूरोपीय संघ के कार्यकारी उपाध्यक्ष, फ्रैंस टिम्मरमैन के साथ बैठक की। यह बैठक यूरोपीय संघ और भारत के बीच स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु भागीदारी के लिए सहयोग पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। चर्चा में ऊर्जा दक्षता; अक्षय ऊर्जा, सौर और ऑफशोर विंड, ग्रीन हाइड्रोजन सहित; ऊर्जा भंडारण, ऊर्जा क्षेत्र के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का विविधीकरण, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, जी20 में भारत की अध्यक्षता और क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन पर भारत और यूरोपीय संघ एक दूसरे को कैसे भागीदार बना सकते हैं, आदि विषय अहम बिंदु रहे।विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने यूरोपीय संघ के दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया कि जैसे–जैसे भारत बढ़ रहा है, बिजली की मांग में तेजी आ रही है। जबकि भारत में स्थापित क्षमता 416 गीगावॉट है, यह 2030 तक दोगुनी होने जा रही है। इसलिए भारत अपनी बिजली उत्पादन क्षमता में तेजी से वृद्धि कर रहा है। आरके सिंह ने बताया कि भारत की प्रति व्यक्ति और संचयी उत्सर्जन दुनिया में सबसे कम होने के बावजूद, यह एनर्जी ट्रांसमिशन और क्लाइमेट एक्शन में एक अग्रणी नेता के रूप में उभरा है। आरके सिंह ने यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल को नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने के लिए भारत द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सबसे उन्नत सौर सेल और पैनल के लिए विनिर्माण क्षमता तैयार की जा रही है; और 2030 तक, 80 गीगावॉट की कुल निर्माण क्षमता को प्राप्त कर लिया जाएगा।

## केंद्र सरकार के खिलाफ केजरीवाल को मिला केसीआर का साथ, बोले– वर्तमान समय इमरजेंसी से भी बदतर

**हैदराबाद (एजेंसी)**। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। ये मुलाकात दिल्ली पर लाए गए केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन जुटाने की कवायद का एक हिस्सा है।?आज की बैठक में पंजाब के सीएम भगवंत मान और आप सांसद राघव चड्ढा भी बैठक में मौजूद रहे। मुलाकात के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया गया।?प्रेस कांफ्रेंस में केसीआर ने कहा कि, पीएम मोदी को अध्यादेश वापस लेना चाहिए, हम इसकी मांग करते हैं।

## डीयू के सिलेबस से बाहर हुए मोहम्मद इकबाल, कभी लिखा था– 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद ने राजनीतिक विज्ञान के पाठ्यक्रम से पाकिस्तान के राष्ट्र कवि मोहम्मद इकबाल से जुड़ा एक अध्याय हटाने के लिए शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित किया। अकादमिक परिषद के सदस्यों ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि परिषद ने विभाजन अध्ययन, हिंदू अध्ययन और जनजातीय अध्ययन के लिए नए केंद्र स्थापित करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी है। आपको बता दें कि इकबाल ने ही प्रसिद्ध और लोकप्रिय 'सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमाराइ गीत लिखा था।

इकबाल भारतीय उपमहाद्वीप के प्रमुख उर्दू और फारसी शायरों में से एक हैं। वह पाकिस्तान के राष्ट्रीय शायर थे। पाकिस्तान के गठन में उनके विचारों का भी योगदान माना जता है।

डीयू के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने कहा कि शुक्रवार को परिषद की बैठक में पाठ्यक्रम और विभिन्न केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव पारित किए गए। गुप्ता ने कहा, विभाजन, हिंदू और जनजातीय अध्ययन के लिए केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं। मोहम्मद इकबाल को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। इकबाल को बीए राजनीति विज्ञान के पेपर आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचार में शामिल किया गया था। आपको बता दें कि प्रस्तावों पर विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद से अनुमोदन के अंतिम मुहर की आवश्यकता होगी। जो कि 9 जून को मिलने वाली है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दिल्ली इकाई ने एक बयान में इकबाल को पाठ्यक्रम से हटाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद ने डीयू के राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम से कट्टर धार्मिक विद्वान मोहम्मद इकबाल को हटाने का फैसला किया। मोहम्मद इकबाल को 'पाकिस्तान का दार्शनिक पिताइ कहा जाता है। वह जिन्ना को मुस्लिम लीग में नेता के रूप में स्थापित करने में प्रमुख खिलाड़ी थे। मोहम्मद इकबाल भारत के विभाजन के लिए उतने ही जिम्मेदार हैं जितने कि मोहम्मद अली जिन्ना हैं।

आपको बता दें कि अकादमिक परिषद में 100 से अधिक सदस्य हैं। इकाबल को हटाने पर इन्होंने दिन भर विचार–विमर्श किया। इनमें से कम से कम पांच सदस्यों ने विभाजन अध्ययन पर प्रस्ताव का विरोध किया। इसे विभाजनकारी बताया है। इन सदस्यों ने कहा, केंद्र के लिए प्रस्ताव विभाजनकारी है। इसका उद्देश्य बताता है कि केंद्र 1300 वर्षों में पिछले आक्रमणों, पीड़ा और गुलामी का अध्ययन करेगा।एडहॉक शिक्षकों को नौकरी से हटाने के मुद्दे पर असंतुष्ट शिक्षकों ने कहा कि विश्वविद्यालय मूक दर्शक बना हुआ है। उन्होंने कहा, राजनीतिक रूप से प्रेरित भाई–भतीजावाद और अनुचित साक्षात्कार प्रक्रिया के बहुत गंभीर आरोप लग रहे हैं। इंटरव्यू के दौरान उम्मीदवारों को अपमानित किया गया, उनका मजाक उड़ाया गया और उनसे ऐसे सवाल पूछे गए जिनका उनके करियर से कोई संबंध नहीं है।

## दीवारों पर एंटी पीएम स्लोगन लिखे जाने का डर, नए संसद भवन की बढ़ाई सुरक्षा– एसीपी रैंक के अधिकारी ड्यूटी पर लगाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। नए संसद भवन का कल उद्घाटन होना है जिसको लेकर राजनीति गरमाई हुई है। इसी बीच अब दिल्ली पुलिस को इनपुट मिला है कि नए संसद भवन के बाहर दीवारों पर एंटी सरकार और एंटी पीएम स्लोगन लिखे जा सकते हैं। इस इनपुट के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक नए संसद भवन के आस–पास दिल्ली पुलिस का स्टाफ तैनात किया गया है। करीब 70 पुलिसकर्मियों के स्टाफ को सुरक्षा में लगाया गया है। साथ ही एसीपी रैंक के अधिकारी मोनिटरिंग कर रहे हैं। अब संसद भवन के पास 24 घंटे सुरक्षा तैनात होगी और सीसीटीवी के जरिए भी यहां नजर रखी जा रही है।

दरअसल दिल्ली में नई संसद का 28 मई को पीएम उद्घाटन करेंगे। इस दौरान कई वीवीआईपी/वीआईपी और अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। ऐसे में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से एडवाजरी जारी की गई है। पुलिस ने लोगों को जरूरत नहीं होने पर नई दिल्ली के इलाके में आने से बचने की सलाह दी है। वहीं, भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर–मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों के समर्थन में उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पंचायत ने 28 मई को ही नए संसद भवन के सामने महापंचायत बुलाई है।

## पौधरोपण में फिर अपना रिकॉर्ड तोड़ेगा यूपी, एक दिन में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य

लखनऊ (एजेंसी)। प्रदेश में हरियाली बढ़ाने, बेहतर आबोहवा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से बारिश के आगामी सीजन में योगी सरकार एक बार फिर एक दिन में पौधरोपण का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगी। इस बार लक्ष्य एक दिन में 35 करोड़ पौधरोपण का है। पौधरोपण की नोडल एजेंसी वन विभाग की निगरानी में सरकार के 27 विभाग मिलकर रिकॉर्ड पौधरोपण के इस अभियान को सफल बनाएंगे। संबंधित विभागों को कितना पौधरोपण करना है, इसका लक्ष्य पहले से तय है। पौधरोपण के लिए वन विभाग एवं उसकी देखरेख में कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लाइमेट जोन) की नर्सरियों में करीब 54 करोड़ पौधे स्वस्थ्य पौधे तैयार हैं। किस दिन पौधरोपण का यह रिकॉर्ड बनेगा, यह समय अभी तय नहीं है। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार मानसून के रुख को देखकर यह तय होगा। अधिक उम्मीद इस बात की है कि जुलाई में किसी दिन यह अभियान चलेगा। ऐसा इसलिए कि पर्याप्त मात्रा में नमीं मिलने से रोपे गये पौधों में से अधिकतम का सर्वाइवल हो। उल्लेखनीय है कि अपने पहले कार्यकाल से ही प्रदेश में हरीतिमा बढ़ाने एवं इससे होने वाले अन्य दूरगामी लाभों के मद्देजर योगी सरकार का जोर अधिक्तम पौधरोपण पर रहा है। इस क्रम में अब तक अपने पहले कार्यकाल में प्रदेश में हरियाली बढ़ाने के लिए हर साल रिकॉर्ड पौधरोपण के क्रम में 100 करोड़ से अधिक का पौधरोपण हुआ इसका नतीजा भी सामने है।

स्टेट ऑफ फारेस्ट की रिपोर्ट 2021 के अनुसार उत्तर प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 9.23 फीसद हिस्से में वनावरण है। 2013 में यह 8.82 फीसद था। रिपोर्ट के अनुसार 2019 के दौरान कुल वनावरण एवं वृक्षावरण में 91 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है।वर्ष 2030 तक सरकार ने इस रकबे को बढ़ाकर 15 फीसद करने का लक्ष्य रखा है। इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए योगी सरकार 2.0 ने अगले पांच साल में 175 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा है। इस क्रम में पिछले साल भी 35 करोड़ पौधे लगाए गए थे। इस साल और इसके अगले चार साल के लिए लिए भी 35–35 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य है।सरकार के अफसरों के मुताबिक वर्षा काल में जो पौधरोपण हो वह संबंधित क्षेत्र के एग्रोक्लाइमेट जोन (कृषि जलवायु क्षेत्र) के अनुसार हो। अलग अलग जिलों के लिए चिन्हित 29 प्रजाति और 943 विरासत वृक्षों को केंद्र में रखकर पौधरोपण का अभियान चलेगा। इसमें राष्ट्रीय वृक्ष बरगद के साथ देशज पौधे पीपल, पाकड़, नीम, बेल, आंवला, आम, कटहल और सहजन जैसे औषधीय पौधों को वरीयता दी जाएगी।

## राष्ट्रपति की जाति को लेकर टिप्पणी करके फंसे मल्लिकार्जुन खडग़े और अरविंद केजरीवाल, केस दर्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। नए संसद भवन का उद्घाटन कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस उद्घाटन के खिलाफ कई विपक्षी दल कल उद्घाटन समारोह में शिरकत नहीं करेंगे।?वहीं खबर सामने आई है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और अन्य के खिलाफ समुदायों और समूहों के बीच भेदभाव पैद करने के इलादे से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जाति का हवाला देते हुए भडक़ाऊ भाषा देने को लेकर शिकायत दर्ज की गई है।

आईपीसी की धारा 121, 153ए, 505 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बड़ी टेक कंपनियां और कर्मचारियों की कर सकती हैं छटनी : मस्क

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी**। ट्विटर के निवर्तमान सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि सिलिकॉन वैली कंपनियां उत्पादकता को प्रभावित किए बिना और अधिक कार्यबल में कटौती कर सकती हैं। मस्क ने पिछले साल अक्टूबर–नवंबर में 80 प्रतिशत से अधिक ट्विटर कर्मचारियों को हटा दिया था। लंदन में द वॉल स्ट्रीट जर्नल के शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, मस्क ने कहा कि ट्विटर पर बहुत सारे लोग हैं, जो बहुत अधिक मूल्यवान नहीं लगते हैं।उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कई सिलिकॉन वैली कंपनियों में यह सच है। मुझे लगता है कि अन्य कंपनियों में उनकी उत्पादकता को प्रभावित किए बिना, वास्तव में उनकी उत्पादकता में वृद्धि के बिना महत्वपूर्ण कटौती की संभावना है।

## विपक्षी दल का नीति आयोग की बैठक में नहीं आना राज्य जनता के साथ धोखेबाजी : रविशंकर प्रसाद



**नई दिल्ली , एजेंसी**। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा 8वें नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने को लेकर विपक्षी दलों पर जोरदार हमला करते हुए इसे उन राज्यों को विकास के दृष्टिकोण से पीछे ले जाने वाला बताया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज नीति आयोग की महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। इसमें 8 मुख्यमंत्री नहीं आ रहे हैं जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जी, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन, तेलंगना के सीएम केसीआर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल शामिल हैं। बताया जा रहा है कि राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत तबीयत खराब होने की वजह से नहीं आ रहे हैं किंतु सच्चाई क्या है, ये तो बाद में पता चलेगा। कांग्रेस शासित प्रदेश के कितने सीएम नीति आयोग की बैठक में आते हैं, यह बैठक में मालूम पड़ जाएगा। इन मुख्यमंत्रियों का नीति आयोग की बैठक में न आना दुर्भाग्यपूर्ण है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नीति आयोग देश के विकास और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। यह नीति आयोग के गवर्निंग काउंसिल की आठवीं बैठक है। विपक्षी दल आरोप लगाते हैं कि भारतीय जनता पार्टी संस्थानों का सम्मान नहीं करती है लेकिन सच्चाई यह है कि देश की संस्थाओं का अपमान विपक्ष की आदत बन चुकी है। आज जो दल इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं, इनमें से कई पार्टियों ने पहले भी सीएजी, भारत निर्वाचन आयोग, सीईसी, भारत के चुनाव प्रक्रिया का का विरोध किया है। राहुल गांधी को अपने झूठ के लिए सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगनी पड़ी थी।

ये तमाम पार्टियां देश के संवैधानिक संस्थानाओं की खुलेआम आलोचना करती है। उनके पक्ष में निर्णय हुआ तो ठीक है और विरोध में निर्णय हुआ तो विरोध करेंगे। यही कांग्रेस सहित विपक्षी दलों की सोच है।रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि नीति आयोग देश की नीति एवं योजनाओं के निर्धारण के लिए बहुत बड़ी संस्था है।

नीति आयोग देश के विकास की योजनाओं का रोड मैप तैयार करने और उन कार्यक्रमों कार्यान्वित करने के लिए महत्वपूण कदम उठाती है।

## वैश्विक फार्मेसी के साथ–साथ गुणवत्ता और किफायती निर्माण पर ध्यान देने की आवश्यकता : मनसुख मंडाविया

**नई दिल्ली** । केंद्रीय रसायन और उर्वरक एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने आज फार्मा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र पर 8वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन देश में फार्मास्युटिकल उद्योग के प्रमुख कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर औषधि विभाग की सचिव एस. अपर्णा भी उपस्थित थीं।उद्योग की विकास गति की सराहना करते हुए मनसुख मांडवीया ने कहा कि इस उद्योग में तेजी से प्रगति हो रही है और वैश्विक फार्मेसी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए हमें अनुसंधान और नवाचार पर अधिक ध्यान देने के साथ–साथ गुणवत्ता और किफायती विनिर्माण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ. मंडाविया ने हितधारकों से मौजूदा अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के साथ–साथ आगामी औषध पार्कों के रूप में पर्याप्त निवेशों से उपयोगी परिणाम मिल रहे हैं। विकास को उत्प्रेरित करने के लिए हमें दुनिया में अपनी उपस्थिति को मजबूत बनाने हेतु प्रतिस्पर्धा के स्तर को बनाए रखना चाहिए।

# भुवनेश्वर की लड़कियों ने जीता रग्बी का स्वर्ण



लखनऊ ,। भुवनेश्वर के केआईआईटी की लड़कियों और पुणे के भारती विद्यापीठ के लडक़ों ने पहली बार उत्तर प्रदेश में आयोजित किए जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2022 का रग्बी का खिताब जीत लिया है। केआईआईटी की लड़कियों ने शुक्रवार को गुरु गोविंद सिंह कॉलेज मैदान पर खेले गए फाइनल मैच में मुंबई विश्वविद्यालय को 56–0 से हराया जबकि भारती विद्यापीठ के पुरुषों ने अपने वर्ग के फाइनल में केआईआईटी को 19–10 के अंतर से पराजित किया। इस वर्ग का कांस्य पदक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने जीता।

शुक्रवार को ही बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी हाल में सिलसिलेवार तरीके से टेबल टेनिस मुकाबले खेले गए, जिसमें महिलाओं के सेमीफाइनल मुकाबलों में एसआरएम यूनिवर्सिटी ने चितकारा यूनिवर्सिटी को 3झ 0 और एडमस यूनिवर्सिटी ने कलकत्ता यूनिवर्सिटी को 3–1 से हराया। पुरुषों के वर्ग में चितकारा विश्वविद्यालय ने फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना चंडीगढ़ विश्वविद्यालय से होगा। शनिवार को वॉलीबॉल में महिला वर्ग के सेमीफ़ाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ का सामना पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से होगा जबकि दूसरे मैच में एसआरएम यूनिवर्सिटी–चेन्नई की भिड़ंत एडमस यूनिवर्सिटी, कलकत्ता से होगा।

गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज परिसर में स्थित इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को हॉकी के मुकाबले शुरू हुए। पुरुषों के वर्ग में संबलपुर यूनिवर्सिटी–ओडिशा ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को 1–0 से हराया जबकि जीएनडीयू–अमृतसर ने सावित्रीबाई फुले–पुणे विश्वविद्यालय को 4–0 से हराया। इसी तरह बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी ने वीर बहादुर पूर्वांचल यूनिवर्सिटी–जौनपुर के साथ 4झ 4 से ड्रॉ खेला। अंतिम मैच में पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को 4–3 से हराया। लखनऊ में ही जारी पुरुष फुटबॉल मुकाबलों में संत बाबा भाग सिंह यूनिवर्सिटी– पंजाब ने पंजाब यूनिवर्सिटी को 3–2 से हराया जबकि महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, केरल ने एडमस विश्वविद्यालय के साथ 2 झ 2 से ड्रा खेला।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसा बनना चाहते है मोहम्मद रोशाल

लखनऊ । खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2022 में शिरकत कर रहे एमजी यूनिवर्सिटी (महात्मा गांधी) यूनिवर्सिटी, कोट्टम–केरल की टीम के मोहम्मद रोशाल पीपी का सपना आने वाले समय में भारतीय फुटबॉल टीम में जगह बनाने पर है ताकि वह अपनी मां के सपनों को पूरा कर सके।

मोहम्मद रोशाल का फुटबॉल से लगाव तब शुरू हुआ था जब उन्होंने पुर्तगाल के दिग्गज स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो को खेलते देखा, फिर उन्होंने अपनी मां मिसेज शाहिदा को जब कहा कि मेरे को भी फुटबॉल खेलना है तो उनकी मां के सामने चुनौतियां कम नहीं थी। दरअसल रोशाल के पिता नहीं है और उनकी मां ड्रेस शाप से अपने घर का खर्चा चलाती है, फिर भी उन्होंने बेटे की लगन को देखते हुए उसे फुटबॉल खेलने की मंजूरी दे दी। इसके बाद 10 साल पहले कालीकट के रहने वाले इस लडक़े के फुटबॉल में सफर की शुरुआत हो गयी।

रोशाल अपने आइडियल पुर्तगाल के सितारे फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे बनना चाहते और उनका सपना आने वाले समय में भारतीय फुटबॉल टीम क लिए भी खेलने पर है। स्ट्राइकर के तौर पर खेलने वाले केरल के फुटबॉलर मोहम्मद रोशाल के लिए वह पल गौरवशाली था जब उन्हें ईस्ट बंगाल की टीम की ओर से खेलने का मौका मिला। उन्होंने हाल ही में आयोजित सेकेंड डिवीजन आई लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ईस्ट बंगाल फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया है।

# आईपीएल से बाहर होते ही विराट कोहली ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाले पहले क्रिकेटर बने



नई दिल्ली । विराट कोहली भले ही एक बार फिर से अपनी टीम आरसीबी को आईपीएल चैंपियन बनाने में नाकाम रहे हों, लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग 2023 (आईपीएल) का फाइनल मुकाबला होने से पहले उन्होंने इतिहास रच दिया है। आईपीएल से उनकी टीम आरसीबी बाहर होने के बाद विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ लंदन पहुंच हुए। इंग्लैंड में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना है। यह मुकाबला लंदन के ह्यद ओवलह्न में 7 से 11 जून तक खेला जाना है। लंदन पहुंचने के बाद विराट कोहली को बड़ी खुशखबरी मिली है।

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। हालांकि, यह उपलब्धि उनके खेल से जुड़ी हुई नहीं है। दरअसल, विराट कोहली इंस्टाग्राम पर 250 मिलियन फॉलोअर्स को पार करने वाले पहले और एकमात्र भारतीय बन गए हैं। भारत तो क्या विराट कोहली के पूरे एशिया में सबसे ज्यादा फॉलोअर हैं।

विराट कोहली पूरी दुनिया में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी के बाद सबसे अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाले एथलीटों में तीसरे स्थान पर हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 585 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं। वहीं, लियोनल मेसी के 464 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं।

इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने सेलिब्रिटीज की ओवर ऑल लिस्ट में विराट कोहली 16वें नंबर पर हैं। इस लिस्ट में रोनाल्डो और मेसी के बाद तीसरे नंबर पर सेलेना गोम्ज, चौथे नंबर पर काइली जैनर और पांचवे नंबर पर ड्वेन जॉनसन हैं। वहीं, अगर एथलीट्स की बात करें तो विराट कोहली इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं।

# गिल—मोहित के तूफान में उड़ी मुबंई,खिताब बचाने से एक कदम दूर गुजरात

अहमदाबाद । शुभमन गिल (129 रन,60 गेंद) की रनो की बरसात के बाद मोहित शर्मा (दस रन पर पांच विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्षा प्रभावित मैच में मुबंई इंडियंस को 64 रन से रौंद कर लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश कर लिया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 233 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई की पूरी टीम 18.2 ओवरों में 171 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। गुजरात टाइटंस अब फाइनल में रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स का मुकाबला करेगी। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बारिश के कारण मैच निर्धारित समय से करीब आधा घंटा देरी से शुरू हुआ। मुबंई के कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीत कर पिच में व्याप्त नमी का अंदाजा लगाते हुये गुजरात को बल्लेबाजी सौंपी मगर मैदान पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरने वाले शुभमन के तेवर का उन्हे कतई अंदाज नहीं था। क्रीज पर आते ही पंजाब के जीवट खिलाड़ी के बल्ले ने आग उगलनी शुरू कर दी। शुभमन के तूफान को थामने की रोहित सेना ने भरपूर कोशिश की मगर असफल रहे और देखते ही देखते गुजराती शेर ने न सिर्फ अपना आईपीएल शतक पूरा किया बल्कि उसके बाद भी मुबंई के गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं दिखाया। उन्होने अपनी 129 रन की पारी में महज 60 गेंद खेलकर दस आसमानी छक्के लगाये और सात बार जमीनी रास्ते से गेंद को सीमा रेखा के बाहर पहुंचाया। वह आकाश माधवाल की शानदार यार्कर पर टिम डेविड के हाथों आउट हुये। शुभमन ने साई सुदर्शन (43) के साथ 138 रनों की शानदार साझीदारी भी निभायी। गुजरात द्वारा दिये गये चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुबंई की टीम शुरू से दवाब में नजर आयी जब रोहित शर्मा (8) और नेहाल बढेरा (4) रन बना कर पवेलियन लौट गये हालांकि बाद में



तिलक वर्मा (43, 14 गेंद) और सूर्य कुमार यादव (61,38 गेंद) ने रनों की रफ्तार को बढाने की पुरजोर कोशिश की। पारी के 15वें ओवर में गेंदबाजी करने आये मोहित शर्मा ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुये पहले सूर्य को पवेलियन वापस भेजा वहीं राशिद खान ने टिम डेविड के पैर क्रीज पर जमने से पहले ही उखाड़ दिये। बची खुची कसर मोहित ने बचे हुये चार विकेट लेकर पूरी कर दी और मुबंई को गुजरात से वापसी का एयर टिकट थमा दिया। मुबंई ने पांच विकेट महज 16 रन जोड़ कर गंवाये। सूर्य कुमार और तिलक वर्मा के बाद कैमरून ग्रीन (30) ही वे खिलाड़ी थे जो अपने निजी स्कोर को दहाई तक पहुंचा सके।

# नवीन उल हक की ट्वीट पर मचा बवाल



नई दिल्ली, आईपीएल 2023 में कई शानदार घटनाएं घटी। इस सीजन कई युवा खिलाड़ियों ने अपने शानदाप परफॉर्मेंस से क्रिकेट फैंस का दिल जीत लिया। हालांकि, इस सीजन कुछ ऐसी खट्टी–मिठी घटनाएं भी घटी, जिसके कई सालों तक याद रखा जाएगा। इनमें से एक बड़ी घटना 1 मई को घटी थी, जब आईपीएल का 43वां मुकाबला यानी लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला गया। इस मैच को आरसीबी ने 18 रन से जीत लिया। विराट और नवीन के बीच हुई थी नोक–झोंक

मैच के दौरान आरसीबी के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और लखनऊके तेज गेंदबाज नवीन उल हक के बीच कुछ नोक–झोंक हुई, जो मैच के बाद और बढ़ गई। इन दोनों की लड़ाई में लखनऊ के मेंटॉर गौतम गंभीर भी भिड़ गए।

मैच के बाद विराट कोहली और नवीन उल हक के बीच तकरार काफी दिनों तक जारी रही।

हालांकि, 1 मई के बाद दोनों टीमों को एक–दूसरे के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिला। इस सीजन लखनऊ को एलिमिनेटर मुकाबला खेलना का मौका मिला, जहां टीम मुंबई के हाथों करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।

## फिल्मी सफर

# प्रियंका चोपड़ा को अंडरवियर में देखना चाहता था फिल्ममेकर, एक्ट्रेस ने किया खुलासा



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस ने बॉलीवुड को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। इस बार उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म निर्माता ने उनसे कहा था कि वह उन्हें अंडरवियर में देखना चाहता है। द जो रिपोर्ट के साथ एक इंटरव्यू में प्रियंका ने एक फिल्म की शूटिंग के बारे में बात की, जिसमें एक्ट्रेस ने अंडरकवर एजेंट की भूमिका निभाई थी। घटना के बारे में, उन्होंने कहा कि यह एक अमानवीय क्षण था, मैंने इस फिल्म से किनारा कर लिया था।

यह 2002 या 3 का किस्सा है। मैं फिल्म में अंडरकवर एजेंट का रोल निभा रही थी। एक सीन में मुझे एक शख्स को सिड्यूस करना था, जिसके लिए मुझे एक एक करके कपड़े उतारने थे।

इसलिए इस सीन के लिए मैं ज्यादा कपड़े पहनना चाहती थी, लेकिन फिल्म निर्माता ने कहा, मैं उसे अंडरवियर में देखना चाहता हूं, वरना कोई क्यों इस फिल्म को देखने आएगा?

एक्ट्रेस ने कहाः उन्होंने ये बात सीधे मुझसे नहीं, बल्कि मेरे ही सामने मेरी स्टाइलिस्ट से कही। यह इतना अमानवीय पल था, मुझे उस वक्त महसूस हुआ कि मेरा हुनर किसी काम का नहीं है।

दो दिन काम करने के बाद उन्होंने कहा कि वह फिल्म से बाहर हो गईं और उनके पैसे लौटा दिए।

निर्देशक के बारे में बात करते हुए, प्रियंका ने यह भी कहा कि वह बस उन्हें हर दिन नहीं देख सकती थी। प्रियंका ने 2002 में तमिल फिल्म थमिजहन से अभिनय की शुरूआत की। उन्होंने 2003 में अंदाज से बॉलीवुड में कदम रखा।

उसके बाद वह ऐतराज, मुझसे शादी करोगी, फैशन, डॉन, बर्फी!, बाजीराव मस्तानी, मैरी कॉम, द व्हाइट टाइगर समेत कई हिंदी फिल्मों में नजर आईं।

## कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के लिए काफी एक्साइटिड हैं मौनी रॉय

एक्ट्रेस मौनी रॉय चल रहे प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनका कहना है कि वह वैश्विक मंच पर सिनेमा के प्रति अपने जुनून को दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, मौनी, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए आईवियर ब्रांड लेंसकार्ट के साथ सहयोग किया है, ने कहाः मुझे कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी शुरूआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। कान में लेंसकार्ट का प्रतिनिधित्व करना और इस उत्सव का हिस्सा बनना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है।

मैं इस अविश्वसनीय अवसर के लिए आभारी हूं और इस वैश्विक मंच पर सिनेमा के लिए अपनी अनूठी शैली और जुनून दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। वर्कफ्रंट की बात करें तो मौनी द वर्जिन ट्री में नजर आएंगी। इसमें कई अन्य लोगों के अलावा संजय दत्त और पलक तिवारी भी हैं।

# मेगास्टार चिरंजीवी ने स्विट्जरलैंड में भोला शंकर के गाने की शूटिंग से लीक की तस्वीरें



मेगास्टार चिरंजीवी ने भोला शंकर की शूटिंग से तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। अभिनेता वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म के लिए एक गाने की शूटिंग कर रहे हैं। मेगास्टार चिरंजीवी अगली बार भोला शंकर में दिखाई देंगे। अभिनेता ने गाने की शूटिंग से तस्वीरें साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेगास्टार चिरंजीवी वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म भोला शंकर की शूटिंग में व्यस्त हैं। वह एक गाने की शूटिंग के लिए स्विटजरलैंड रवाना हो गए। 23 मई को, अभिनेता ने गाने की शूटिंग से कुछ बीटीएस (बिहाइंड–द–सीन) तस्वीरें साझा करने के लिए अपने ट्विटर पेज का सहारा लिया। अपने ट्वीट में, उन्होंने उल्लेख किया कि गाना अच्छा बना है और तब तक दर्शकों को इन लीक तस्वीरों के साथ रहना होगा। भोला शंकर तमिल फिल्म वेदालम की आधिकारिक तेलुगू रीमेक है।

1 मार्च को, मेगास्टार चिरंजीवी ने भोला शंकर के फर्स्ट–लुक पोस्टर का अनावरण किया। मास मसाला एंटरटेनर 11 अगस्त को प्रदर्शन के लिए तैयार है। कीर्ति सुरेश भोला शंकर में चिरंजीवी की बहन की भूमिका निभाएंगी।

मेगास्टार चिरंजीवी ने मंगलवार (23 मई) को ट्विटर पर भोला शंकर पर एक अपडेट साझा किया। तेलुगु में उनके ट्वीट का अनुवाद कुछ इस तरह किया गया है, स्विट्जरलैंड में भोला शंकर के लिए गाने की शूटिंग बहुत मजेदार थी। मैं कह सकता हूं कि गाना सभी प्रशंसकों को प्रभावित करेगा। हम जल्द ही और अपडेट साझा करेंगे! तब तक, ये हैं लीक तस्वीरें। भोला शंकर मेहर रमेश द्वारा निर्देशित एक एक्शन एंटरटेनर है। फिल्म में तमन्ना और कीर्ति सुरेश के साथ चिरंजीवी को टिट्युलर किरदार में दिखाया गया है।

# कैनेडी में सनी की हंसी को परफेक्ट करने पर अड़े रहे थे अनुराग कश्यप

एक्ट्रेस सनी लियोनी अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी से कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म एक अनिद्राग्रस्त पूर्व पुलिस अधिकारी केनेडी की कहानी है, जिसे सालों से मृत मान लिया गया है। सनी लियोन ने फिल्म में चार्ली नाम की एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहाः यह एक जटिल किरदार है। वह जिस चीज को सबसे ज्यादा छिपाती है, वह है हंसी। मेरा मानना है कि वह एक ऐसी महिला है जो दो अलग–अलग दुनिया में फंसी हुई है, एक वह है जिसमें वह रहना चाहती है और एक वह है जिसमें वह फंसी हुई है। मुझे इस किरदार को निभाने में बहुत मजा आया। वह हर पल जितना संभव हो सके, उतना मजबूत होने की पूरी कोशिश कर रही है।

फिल्म में लियोन की हंसी बेहद खास है। उन्होंने बताया कि मेरी हंसी को मेरे करेक्टर से मैच करने के लिए कश्यप अड़े रहे थे।

एक्ट्रेस ने वैराइटी को बतायाः यह कुछ ऐसा है, जो मैंने पहले कभी नहीं किया, इसलिए मुझे काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। मैंने कार चलाने की प्रैक्टिस की, मैंने अपने परिवार, अपने बच्चों, अपने पति, अपने दोस्तों के सामने प्रैक्टिस की। मैंने सेट पर गाने की शूटिंग या किसी चीज की शूटिंग के बीच में चार्ली की तरह हंसने की प्रैक्टिस की।

एक्ट्रेस ने कहा, इस तरह, जब मैं सेट पर पहुंची, तो यह मेरे सिस्टम से बाहर था, ऐसा कुछ नहीं था जिसके बारे में मुझे अजीब लगा हो, यह सिर्फ मेरे करेक्टर का हिस्सा था।

# हीरामंडी की शूटिंग से नाखुश हैं संजय लीला भंसाली, दोबारा करेंगे शूटिंग

संजय लीला भंसाली की अगली महत्वाकांक्षी परियोजना, हीरामंडी, नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसकी शूटिंग वर्तमान में मुंबई में की जा रही है। हाल ही में, नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर ऋचा चड्ढा, सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी और संजीदा शेख सहित प्रमुख महिलाओं की पहली उपस्थिति साझा की। फर्स्ट लुक ने सभी को हैरान कर दिया। हालांकि, विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, संजय लीला भंसाली सीरीज के लिए शूट के एक हिस्से से खुश नहीं हैं। हीरामंडी से जुड़े सूत्र बताते हैं, हीरामंडी के अलग–अलग एपिसोड अलग–अलग निर्देशकों द्वारा निर्देशित किए जा रहे हैं, जिन्होंने पहले संजय लीला भंसाली के तहत काम किया है। भंसाली श्रृंखला के लिए केवल प्रमुख दृश्यों का निर्देशन कर रहे हैं। हालांकि, हाल ही में, जब संजय लीला भंसाली ने अन्य निर्देशकों द्वारा शूट किए गए एपिसोड के कुछ दृश्यों को देखा, तो जाहिर तौर पर वह खुश नहीं थे। संजय



लीला भंसाली उन एपिसोड्स के कुछ हिस्सों को फिर से शूट करने पर जोर दे रहे हैं, जिनके बारे में वह आश्वस्त नहीं है। प्रोडक्शन हाउस और कर्मचारी दुविधा में हैं क्योंकि शो का अधिकांश हिस्सा लगभग पूरा हो चुका था। इससे नेटफ्लिक्स पर सीरीज की रिलीज में देरी होगी या नहीं, यह अभी पता नहीं चल पाया है। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी को नेटफिलिक्स पर प्रदर्शित किए जाने की घोषणा कुछ समय पूर्व ही एक भव्य समारोह आयोजित करके की गई थी। नेटफ्लिक्स ने इस घोषणा से पहले कहा था, एक और समय, एक और युग, संजय लीला भंसाली द्वारा बनाई गई एक और जादुई दुनिया जिसका हम हिस्सा बनने का इंतजार नहीं कर सकते। यहां हीरामंडी की खूबसूरत और दिलचस्प दुनिया की एक झलक है। जल्द आ रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हीरामंडी 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल–पुथल भरी पृष्ठभूमि के खिलाफ तवायफों और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से, चकाचौंध करने वाले जिले, हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता का पता लगाएगी। कोठों में प्रेम, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति का मिश्रण।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com